ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 17 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 134 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सनी लियोनी 'बिग बॉस ओटीटी' ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### अमन साहू सहित 5 के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** लातेहार जिले के तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी और गोलीबारी करने के आरोपित गैंगस्टर अमन साहू, कुंदन कुमार, पंकज करमाली, विकास उर्फ छोटे और आकाश राय के खिलाफ आरोप गठित कर दी गई है। रांची एनआईए की विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा की अदालत में शुक्रवार को सभी अभियुक्तों के खिलाफ आरोप गठित कर दी गई है। इसके बाद अब ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। एनआईए ने इस संबंध में कांड संख्या 1/ 21 दर्ज की है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में आरोप गठित हुआ है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम।** प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी सोनुआ टेकासाई निवासी बागुन जोंकों उर्फ कंपनी जोंकों को शुक्रवार को पोक्सो एक्ट के तहत 25 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। पीड़िता के पिता के बयान पर 17 नवंबर, 2021 को कराईकेला थाना में इस संबंध में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) की कोर्ट ने शुक्रवार को मामूली विवाद में जान मारने की नीयत से चाकूबाजी करने के दोषी चक्रधरपुर निवासी शाहरुख उर्फ सुमन को 10 साल सक्षम कारवास और 10 हजार रुपये का जुमार्ना एवं बख्तियार अली को एक साल और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। घटना 13 नवंबर, 2020 की है।

### हाईकोर्ट में दलबदल मामले की सुनवाई 7 जुलाई को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में अब दलबदल मामले से संबंधित मामले में विस्तृत सुनवाई सात जुलाई को होगी। विधानसभा की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल के बीमार रहने के कारण आज सुनवाई टल गई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दो बिंदुओं पर सुनवाई के लिए सात जुलाई की तिथि निर्धारित की थी, जिनमें एक बिंदु में कहा गया है कि यदि कोई राजनीतिक दल अगर विपक्ष के नेता के लिए किसी का नाम देती है तो विधानसभा स्पीकर क्या सिर्फ इस आधार पर इस मामले को लंबित रख सकते हैं कि उनके खिलाफ दलबदल का केस चल रहा है। दूसरे बिंदु में कोर्ट ने कहा है कि क्या हाईकोर्ट को पावर है कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता बनाने के लिए निर्देश दे सकता है।

## जारी है झारखंड में प्रचंड गर्मी का सितम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में चिलचिलाती गर्मी और तेज लू से अभी लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। अधिकांश जिलों का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। राज्य के कई हिस्सों में हल्की दर्जे की बारिश हो रही है लेकिन बारिश के बाद कुछ पल राहत के बाद लोगों को गर्मी और उमस बेचैन कर रही है। भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों से आमजनों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। सुबह होते ही तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी सताने लगी है और दोपहर होते ही लोगों का घर से कहीं बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है, जिसके कारण लोग घरों में ही दुबके हैं। अभी राहत मिलने में लगभग एक सप्ताह का और समय लग सकता है। राहत की बात यह है कि झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां जल्द शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं। राज्य के कई हिस्सों में प्री मानसून का असर दिख रहा है। प्री मानसून की वजह से राज्य के कई हिस्सों में छिटपुट बारिश की खबर आ रही है। जमशेदपुर के साथ- साथ सहित आसपास के शहरों में आंधी के साथ बारिश हुई। इसकी वजह से इन इलाकों में तापमान में थोड़ी राहत आयी है। दिनभर यहां तेज धूप रही लेकिन शाम को तेज आंधी और बारिश हुई। मौसम विभाग ने अभी कहा है कि राज्य में लोगों को अभी दो से तीन दिन तक गरमी झेलनी पड़ेगी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जल्द ही लोगों को राहत मिलेगी। मानसून बिहार और बंगाल के पास रुका हुआ है। इसलिए मानसून झारखंड में तीन से चार दिनों के अंदर दस्तक दे सकता है लेकिन पूरे राज्य में इसे फैलने में समय लगेगा। संताल के कुछ इलाकों में भी छिटपुट बारिश की खबर है। 17 जून को लू की स्थिति बनी रहेगी। लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है।

### गोड्डा में गर्मी का कहर, लगभग 46 डिग्री पहुंचा तापमान

**झारखंड** में इन दिनों गर्मी अपने चरम सिमा पर है। कई जिले ऐसे हैं जहां सूरज आग उगल रहा है। लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून का देरी से आना, यह भी गर्मी की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि 19 जून के बाद राज्यवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। झारखंड के कुछ जिलों की बात की जाये तो तापमान इस कदर बढ़ी है की लोग झुलस रहें हैं। दरअसल मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ें के अनुसार गोड्डा जिले में आज यानि शुक्रवार को सबसे अधिक 45.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी की वजह से गोड्डावासियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

गोड्डा के अलावा और भी जिले हैं, जहां तापमान 40 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। गोड्डा के बाद सबसे अधिक देवघर में 44.2, बोकारो में 43.1, जमशेदपुर में 43.0 और डालटनगंज में 42.5 डिग्री तापमान रेकॉर्ड किया गया। इसके अलावा कई जिले ऐसे भी हैं जहां तापमान सामान्य रेकॉर्ड किये गए हैं। जिसमें हजारीबाग में सबसे अधिक 39.4 डिग्री और रांची में 40.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किये गए।

## सीएम को लीज आवंटन मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई टली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। पिछली सुनवाई में मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया था। सरकार की ओर से शपथ पत्र में बताया गया है माइनिंग लीज आवंटन मामले में एक जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही क्लीन चिट दी जा चुकी है। सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विशाल कुमार को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश कोर्ट ने दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को पिछली सुनवाई में बताया गया था कि मुख्यमंत्री ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित किया है।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उपायुक्तों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, बोले

# योजनाएं जमीन पर दिखनी चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों और सचिवों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरूआत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा से हुई। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में विभिन्न जिलों में मनरेगा की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में मजदूरों का पलायन होने की बात लगातार सामने आ रही है। यह चिंताजनक है। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए मनरेगा के तहत कई योजनाएं चला रही है। हर पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं का संचालन होना है। इसे आप प्राथमिकता के साथ लागू करें, ताकि मजदूरों को अपने गांव -घर में रोजगार मिल सके।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को कहा कि वे सभी राशन कार्ड धारियों और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को कम से कम दो- दो फलदार पेड़ देना सुनिश्चित करें। इससे ना सिर्फ ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बेहतर कदम होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पंचायतों के बाद अब वैसे गांवों को चिन्हित करें, जहां ज्यादा आबादी है और वहां वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान विकसित किए जाएं। शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं जो खेल में रुचि रखते हैं वैसे खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### गांवों में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाएं : हेमन्त सोरेन

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को पंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के उपायुक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में प्रज्ञा केंद्र स्थापित करना सुनिश्चित करें। सभी गांवों में प्रज्ञा केंद्र संचालित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इस सोच के साथ प्रज्ञा केंद्रों को पूर्णरूपेण कार्यरत करें। आम जनता को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नया आधार कार्ड बनाना तथा आधार कार्ड में भूल सुधार आदि कार्य उनके निकटतम प्रज्ञा केंद्र में ही ससमय उपलब्ध कराया जा सके इस लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन महीने के अंदर राज्य के सभी प्रज्ञा केंद्रों में बिजली, पानी, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं सिक्योरिटी सहित अन्य जरूरी सुविधा हर हाल में उपलब्ध कराई जाए।

### विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि जल्द दें : सीएम

**सीएम** ने अनुसूचित जाति-जनजाति अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की शुक्रवार को समीक्षा की। इस क्रम में सीएम ने दिए कई निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, एकलव्य मॉडल स्कूल, आवासीय विद्यालय, आश्रम स्कूल और पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालय के संचालन से जुड़ी जानकारी ली। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि जल्द से जल्द दी जाए। वहीं, विभाग की ओर से सीएम को बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत 146 करोड़ रुपये में से लाभुकों के बीच 104 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। सीएम ने कहा कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से जुड़ी कुछ समस्याओं की जानकारी मुझे मिली है। सुनिश्चित करें कि बच्चों को कोई भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत लाभुकों को मदद, उनकी मॉनिटरिंग करने का भी काम करें।

## राहुल गांधी ने मांगी कोर्ट से 15 दिन की मोहलत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। मोदी सरनेम वाले लोगों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में शुक्रवार को रांची की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने राहुल गांधी को शुक्रवार को हाजिर होने का नोटिस जारी किया था, लेकिन उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने अदालत से सुनवाई के लिए पंद्रह दिनों का वक्त मांगा। उन्होंने अदालत को बताया कि राहुल गांधी के सशरीर हाजिर होने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। इसके पहले बीते 23 मई को हुई सुनवाई के दौरान भी राहुल गांधी के अधिवक्ता के आग्रह पर अदालत ने तीन हफ्ते का वक्त दिया था।



## इजहार अंसारी को ईडी का समन

**रांची।** ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को समन किया है। अधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 22 जून को इजहार अंसारी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने हजारीबाग जिले में बीते तीन मार्च को आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और अन्य से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान तीन करोड़ 58 लाख रुपये की नकदी जब्त की थी। कोयला कारोबारी मोहम्मद इजहार अंसारी नाम के व्यक्ति के परिसरों से बड़ी संख्या में 500 रुपये और 2,000 रुपये के नोटों के बंडल जब्त किए गए थे।

## आईआईटी ने ढूंढा प्लास्टिक का विकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के दो वैज्ञानिकों ने लंबे रिसर्च के बाद प्लास्टिक का इको फ्रेंडली विकल्प ढूंढ़ लिया है। वैज्ञानिकों की मानें तो इसकी लागत प्लास्टिक से कम तो होगी ही, यह गुणवत्ता और उपयोगिता की ध्ष्टि से भी बेहतर होगा। इस उत्पाद का लैब परीक्षण कर लिया गया है। इस रिसर्च का पेटेंट नवंबर 2022 में ही करा लिया गया था। दरअसल, यह नया उत्पाद जूट का है, जिसे वाटर रेसिस्टेंट बनाया गया है। यानी यह पानी से नहीं भीगेगा। इसमें खाने की सामग्री, चिप्स, शैंपू, लिक्विड आदि की सुरक्षित और टिकाऊ पैकिंग की जा सकेगी। इसमें रखे अनाज और अन्य सामग्री बाहर की नमी से सुरक्षित रहेगी। इस उत्पाद को विकसित किया है डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार और रिसर्च स्कॉलर डॉ. पूनम चौहान की टीम ने। उन्होंने लगभग ढाई वर्ष के रिसर्च के बाद इसे विकसित किया है। उन्होंने कहा कि, हमारी कोशिश रही कि पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या बन चुकी प्लास्टिक के स्थान पर ऐसा प्रोडक्ट बनाया जाए ताकि उसे रिप्लेस किया जा सके। प्रो. आदित्य के मुताबिक, रिसर्च में सस्ती सामग्री का उपयोग किया गया है। जूट पर प्रसार विधि से केमिकल का छिड़काव किया गया। इस प्रक्रिया में किसी भी बड़े उपकरण का प्रयोग नहीं किया गया है। कोटिंग में उपयोग की गई सामग्री बायो डिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल है। इसका मानव के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कोटिंग की लागत 70 रुपए लीटर होगी। रिसर्च में वाटर रेसिस्टेंट जूट का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करने की संभावनाओं के बारे में भी रोशनी डाली गई है।



### रेलवे की अपील पर सर्वोच्च न्यायालय ने सुनाया फैसला

## यात्री अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें

**आरएनएम। नई दिल्ली**

ट्रेन में यात्रा के दौरान यदि किसी यात्री का सामान चोरी हो जाता है, तो इसके लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले में यह फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि हमें यह समझ में नहीं आता है कि चोरी को रेलवे द्वारा सेवा में कमी से कैसे जोड़ा जा सकता है? मामला सुरेंद्र भोला नामक व्यक्ति का है। जो 2005 में काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से दिल्ली आ रहा था। उसने 1 लाख रुपये नकद एक बेल्ट में लपेटकर अपनी कमर में बांध रखा था। यात्रा के दौरान रुपए चोरी हो गए। इसके बाद उसने जिला उपभोक्ता अदालत में केस कर के रेलवे से हर्जाने की मांग की। जिला कंज्यूमर फोरम में बहस के दौरान शख्स ने चोरी को रेलवे की सेवा में कमी से जोड़ते हुए दलील दी कि यदि रेलवे की सेवा में कमी नहीं होती तो उसके रुपये चोरी नहीं होते। जिला उपभोक्ता अदालत ने यात्री के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रेलवे को 1 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दे दिया। बाद में जिला उपभोक्ता अदालत के इस फैसले के विरुद्ध रेलवे पहले राज्य उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग और फिर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग गया। लेकिन दोनों जगह हार गयी। क्योंकि स्टेट और नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन ने जिला उपभोक्ता अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद रेलवे ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा, हमें समझ में नहीं आता है कि आखिर कोई यात्री अपने सामान की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है ,तो उसके लिए रेलवे को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? कोर्ट ने कहा कि ट्रेन में यात्रा के दौरान व्यक्तिगत सामान की चोरी को सेवा में कमीं नहीं कहा जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर फोरम के आदेश को रद्द कर दिया। ट्रेन में यात्रा के दौरान चोरी, लूटपाट या डकैती होने पर व्यक्ति को तुरंत ट्रेन के टीटीई/कोच परिचारक/गार्ड या ट्रेन में तैनात जीआरपी कर्मियों से संपर्क करना चाहिए। वे आपको एफआईआर का एक फार्म देंगे, जिसमें चोरी से संबंधित विवरण भरकर देना होता है। इसके बाद एफआईआर पुलिस को ट्रांसफर हो जाती है। पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने के लिए आपको अपनी यात्रा रोकने की आवश्यकता नहीं है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ सहायता बूथ की भी मदद ले सकते हैं।



## सैन्य अधिकारियों की बनेगी 'कॉमन एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने क्रॉस सर्विस पोस्टिंग के लिए अधिकारियों की कॉमन एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट यानी आम वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में, तीनों सेनाओं की सर्विसेज की नियुक्तियां सेवा-विशिष्ट मापदंडों पर आधारित हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, समय के साथ तीनों सर्विसेज में अधिकारियों की नियुक्ति और कार्यकाल तभी बढ़ेगा जब सशस्त्र बल, संयुक्त संरचनाओं की ओर बढ़ेंगे। दरअसल इस तरह त्रि-सेवा नियुक्तियों के लिए मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यकता महसूस की गई है। शुरूआत में, सशस्त्र बलों के दो और तीन सितारा अधिकारियों के लिए एक सामान्य गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) लागू की जाएगी। नई व्यवस्था अगले तीन से चार महीनों में लागू होने की संभावना है। रक्षा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, एक सामान्य सीआर अधिकारियों के आकलन में सहायक होगा। साथ ही यह सशस्त्र बलों की संयुक्तता और एकीकरण में योगदान देगा। इससे कमांड, स्टाफ या निदेर्शात्मक चैनलों में त्रि-सेवा नियुक्तियों के लिए उनकी उपयुक्तता के आधार पर अधिकारियों की बेहतर पहचान और चयन भी होगा। इससे पहले एक महत्वपूर्ण निर्णय में भारतीय सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में नए बदलावों को मंजूरी दी गई थी। इस मंजूरी के अंतर्गत इसी साल अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और ब्रिगेडियर से ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी एक समान वर्दी पहनेंगे। वर्तमान में विभिन्न सैन्य अधिकारी अपनी संबंधित रेजिमेंट को दशार्ने वाली अलग-अलग यूनिफॉर्म पहनते हैं। हालांकि कर्नल रैंक और उससे नीचे के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सेना की यूनिफॉर्म में किए जा रहे इस महत्वपूर्ण बदलाव का अर्थ यह है कि ब्रिगेडियर पद पर पहुंचने के उपरांत पैरा अधिकारी अब मैरून रंग की टोपी नहीं पहनेंगे और न ही बख्तरबंद अधिकारी अपनी विशिष्ट बेल्ट पहनेंगे।



## पांच दिवसीय राम कथा सह महालक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का हुआ समापन

# गाय हमारी माता, संरक्षण हमारा कर्तव्य : गोपालमणि

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
ऐतिहासिक राजकीला स्थित मेला मैदान में आयोजित पांच दिवसीय राम कथा सह महालक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का समापन शुक्रवार को महाआरती एवं महाभण्डारा के साथ हो गया। इस पांचदिवसीय महायज्ञ के अंतिम दिन लगभग दस हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की एवं प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर कथावाचक संतश्री गोपालमणि जी महाराज ने कहा कि गाय हमारी माता है, गो माता का संरक्षण हमारा कर्तव्य भर नही है बल्कि हमारा धर्म भी है । गो माता में 33 करोड़ देवी-देंवता का वास होता है। जो प्राणी गो माता की सेवा करता है उसे परम पुण्य की प्राप्ति होती है।



देंवताओं ने भी गो माता को पूजा है। सभी सनातन धर्मियों को गो माता की सेवा व सुरक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम दिन यज्ञाहुति व पूणार्हूती दी गई एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस पांचदिवसीय यज्ञ में रांची जिला के मांडर, चान्हो, बेड़ो, बुढ़मू, खलारी, कांके, पिठोरिया समेत लोहरदगा व रामगढ़ जिला के श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया एवं श्री राम नाम के जयकारे भी लगाए। इसके साथ ही पूरा रातू पांच दिनों तक भक्तिमय रहा । यज्ञ समापन के दिन श्री पीयूष पाठक के द्वारा गंगा आरती के तर्ज पर हनुमान जी की महाआरती भी की गई । इस महायज्ञ कार्यक्रम के सफल संचालन में रातू थाना प्रभारी सपन महथा के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन के लोगो ने भी सराहनीय भूमिका निभाई। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। वही स्वयं सेवक भी तैनात किये गये थे। पांच दिवसीय इस महा यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अरुण गुप्ता, कैलाश बैठा, अम्बिका प्रसाद, मोहन साहू, मिथलेश दुबे, तारकेश्वर केशरी, संजय गुप्ता, आरडी तिवारी, संजय मिश्रा, सुखदेव प्रसाद, गुडडू प्रसाद, जयंत सिंह, हजारी प्रसाद, राजमन साहू, संजय साव, काजल सोनी, रोबिन महतो, सुबोध साहू, शुशील पांडेय, अभिषेक गुप्ता ने सराहनीय भूमिका निभाई ।

## गो सेवा आयोग के अध्यक्ष बने राजीव रंजन

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजीव रंजन प्रसाद को गो सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया है। साथ ही आयोग का उपाध्यक्ष राजू गिरी को बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार देर रात कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम 2005 की धारा 3 का प्रयोग करते हुए झारखंड सरकार ने राजीव रंजन प्रसाद को आयोग का अध्यक्ष तथा राजू गिरी को उपाध्यक्ष के रूप में अगले आदेश तक के लिए मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि राजीव रंजन प्रसाद कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भी हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमे जो दायित्व दिया गया है उसपर खरा उतरने का प्रयत्न करूंगा और सभी को साथ लेकर चलने की कोशिशि करूंगा।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती से नाबालिग युवक के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। लापुंग थाना क्षेत्र के एक गांव में वहशी नाबालिग युवक ने एक नाबालिग लड़की के साथ पहले छेड़छाड़ किया और बाद में घर में अकेले पाकर नाबालिग लड़की को पैरों से फंसाकर जबरन उसके आंतरिक वस्त्र उतार कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहशी दरिंदे ने भुक्तभोगी लड़की को घटना के बाद कहा कि तुम्हारे दीदी और भैया मेरा कुछ नही उखड़ सकते हैं। उन्हें कह देना मैं उनसे नहीं डरता हूं। तभी घटनास्थल के आसपास शोर-शराबे के कारण लोग जुटने लगे तभी युवक वहां से भाग निकला। इस संबंध में नाबालिग भुक्तभोगी लड़की के बयान पर लापुंग थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम ने लापुंग थाना में कांड संख्या 19/23 भादवि की धारा 376 एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी नाबालिग युवक को पुलिस ने निरूद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया। वहीं भुक्तभोगी लड़की का मेडिकल जांच कराने के बाद 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने बयान रिकॉर्ड किया गया। बताया जाता है कि भुक्तभोगी लड़की कर्रा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और भटककर लापुंग पहुंच गई थी। बताया जाता है कि नाबालिग युवक लड़की का पीछा करता था और पिछले दिनों रात में 9:30 बजे उसे अकेले पाकर उसके घर पर नाबालिग युवक घुस गया और छेड़छाड़ करने के बाद नाबालिग की अस्मत लूट ली। पुलिस ने नाबालिग युवक को निरूद्ध कर उसे बाल सुधार गृह भेज दिया

## रातू बिजुलिया में सड़क हादसे के बाद रोड जाम करना पड़ा महंगा

**रातू।** थाना क्षेत्र के बिजुलिया में गुरुवार की सुबह सड़क हादसे के बाद किसान की मौत पर सड़क जाम करने के मामले में रातू अंचल निरीक्षक संतोष उरांव ने 5 लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में सुमन मिश्रा पति मदन मिश्रा, सुभाष मिश्रा, विशाल मिश्रा पिता मदन मिश्रा, सुमन मिश्रा के कार चालक व दलादिली स्थित सोमरा उरांव की पत्नी शामिल है। आरोप है कि सुमन मिश्रा ने अपने साथियों के मदद से ग्रामीणों को बहला फुसलाकर लाडी व डंडे से लैस होकर बिजुलिया-हाजी चोंक को करीब चार घंटे तक जाम रखा। इस दौरान आने जाने वाले राहगीरों के साथ मारपीट भी किया गया। सुमन मिश्रा ने रातू अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार को फोन कर ढाई लाख रुपया मुआवजा की मांग की। थाना प्रभारी से भी अभद्र व्यवहार किया गया।पीड़ित परिवार, मुखिया,समिति व सामाजिक कार्यकताओं के समझाने के बाद भी इन लोगो के द्वारा मृतक के परिवारवालो को 10 लाख रुपया,ल व नौकरी देने की मांग पर अड़े थे।

## नेशनल स्कूल गेम्स में चैंपियन बनी झारखंड की टीम राजधानी वापस लौटी

# खूंटी के तीन व लापुंग के एक खिलाड़ी चैंपियन टीम के थे हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर पर 66 वीं खेल प्रतियोगिता के दौरान ग्वालियर में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में चैम्पियन बनी झारखंड की टीम शुक्रवार को वापस रांची लौटी। टीम में रांची जिले के लापुंग प्रखंड के ककरिया की खिलाड़ी सरोज कुमारी, खूंटी जिले से गोविंदपुर की तीन खिलाड़ी बालो होरो, अनुपमा होरो तथा बिनिमा धान भी अन्य खिलाड़ियों के साथ अपने कोच राकेश रौशन तिग्गा तथा दीपक कुमार महतो सहित टीम के मैनेजर एम्मा बाड़ा सहित एचओडी बेला टोप्पो के नेतृत्व में रांची लौट गए।



बालिकाओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मैच में दिल्ली को 12 - 0 तथा फाइनल में मध्यप्रदेश की टीम को 5 - 0 से पराजित कर चैम्पियन बनी। टीम की खिलाड़ियों ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इधर खूंटी जिले के गोविंदपुर और रांची जिले के ककरिया की खिलाड़ियों के लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय स्तर पर कोच के रूप में शानदार भूमिका निभाने पर लापुंग के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास के खेल शिक्षक राकेश रोशन तिग्गा को बधाई देते हुए लोगों ने उन्हें शुभकमनाएं दी। सूत्रों के अनुसार टीम के खिलाड़ी अपने अपने जिलों के मुख्यालय पहुंचे। लेकिन ऑफिशियल स्वागत नहीं किया गया। बहुत जल्द राजधानी में पूरी टीम का स्वागत किया जाएगा एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

# सवा लाख की अवैध लॉटरी के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**
राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज सीतराम टोला काली मंदिर के पास से अवैध लॉटरी टिकट के साथ पुलिस ने इंद्रजीत कुमार मंडल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम इंद्रजीत कुमार मंडल है। इसके पास से एक लाख 28 हजार 500 रुपये की लॉटरी पुलिस ने बरामद की गई। इस मामले में बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राधानगर क्षेत्र में गुप्त रूप से लॉटरी बेचा जा रहा है । इस सूचना की सत्यापन के लिए राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया गया। पुलिस ने पेशेवर तरीके से छापेमारी की और एक लाख 28 हजार 500 रुपये लागत की लॉटरी के साथ लॉटरी विक्रेता को गिरफ्तार किया। इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेजा गया है। इसके साथ अवैध लॉटरी का तार कहां से जुड़ा है, पुलिस इसकी पता लगा रही है।

# लायन सुजीत कुमार बने डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लायंस क्लब रांची ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार जी लायन क्लब द्वारा आयोजित समारोह मे नए सत्र 2023 /2024 (जिला 322 ए) के लिए डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरर चुने गए। सुजीत कुमार को डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरर बनाए जाने पर शुक्रवार को कपिल फाउंडेशन, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच एवं छात्र क्लब ग्रुप के पदाधिकारियों ने उन्हें हरमू रोड स्थित मंगल मूर्ति हाइट में बधाई देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि सुजीत कुमार में सेवा कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वे जनहित में फ्री मेडिकल कैंप, जल पियाऊ,गर्मी मे गमछा, छाता, ग्लूकोज, ओ. आर. एस. वितरण आदि आदि सामाजिक कार्यक्रम में



हिस्सा लेते है। वहीं छात्र क्लब के मुख्य संयोजक संतोष कुमार ने कहा कि सुजीत कुमार सामाजिक संस्था छात्र क्लब ग्रुप के भी वरीय संरक्षक हैं जब भी जनहित में क्लब द्वारा कोई भी सामाजिक कार्यक्रम आयोजित की जाती है तो उसके सफल आयोजन में हर संभव सहयोग करते हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से क्लब के संरक्षक युवराज पासवान, महेश चंद्रा,राजू महतो,मनमोहन पांडे,ललित चौधरी आदि शामिल थे।

## तैयारी | मिशन 2024 : अल्पसंख्यक समुदायों को साधने के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

# पार्टी से मुस्लिम वोटरों को जोड़ा जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। समाज के हर वर्ग तक पहुंचने और उन्हें संगठन से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। 15 फीसदी मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने मिशन मोदी मित्र की रूपरेखा तैयार की है। इसके तहत हर लोकसभा सीट से 5-5 हजार मुस्लिम वोटरों को पार्टी मित्र बनाया जाएगा। वहीं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से मुस्लिम समुदाय को जोड़ने को लेकर भी बड़ी तैयारी की जा रही है। पार्टी ने राज्य के मदरसों में योग दिवस मनाने की योजना बनाई है। इसका जिम्मा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को दिया गया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने बताया कि उन मदरसों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां योग दिवस मनाया जाएगा। भाजपा ने मिशन मोदी मित्र के तहत मुस्लिम समाज के इंजीनियर, डॉक्टर और अन्य संभ्रांत लोगों और मुस्लिम धर्म गुरुओं तक भी पहुंचने की योजना बनाई है। इसके लिए पसमांदा मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं की खास मदद ली जाएगी। जिलों के प्रमुख



मदरसों के मौलवी और ऐसे धर्मगुरु, जिनकी समाज में पकड़ हो, उनके साथ मिलकर सूफी सम्मेलन कराए जाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात एक किताबें भी उर्दू में छपवा कर मुस्लिम बहुल इलाकों में बांटा जाएगा।
झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में से 8 लोकसभा सीट में मुस्लिम आबादी 20 से 30 फीसदी के बीच है। इन सीटों पर अगर भाजपा मुस्लिम वोटरों को साधने में कामयाब हो जाती है, तो पार्टी काफी मजबूत स्थिति में होगी। संथाल परगना के देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ के अलावा लोहरदगा और गिरिडीह में मुसलमानों की आबादी सबसे ज्यादा है। साहिबगंज और पाकुड़ में मुस्लिम आबादी कुल आबादी के 30 फीसदी है, जबकि देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, लोहरदगा और गिरिडीह जिले में मुसलमानों की आबादी 20 फीसदी है। रांची में भी करीब 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है।

ई-प्रोक्योरमेंट सेल
**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय**
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/GIRIDIH/015/2023-24 दिनांकः– 16.06.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT NAGARI, BLOCK-BEMGABAD, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT MURKANDO, BLOCK- DUMRI, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.06.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 27-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28-06.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7991163104/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग

PR 300278 Building (23-24)_D

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Simdega**

**Very Short Tender e-Procurement Notice (1st Call)**

Tender Reference: - DWSD/SIM/SR-04/2023-24 Date:- 16.06.2023

| Sl. No. | Name of work | Group No. | No. of Tube Well for SR | Estimated Cost (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Cost of BOQ (in Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of tube well of 125 mm x 115 mm dia x 60 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of india mark-II hand pump with 32 mm dia medium class G. I. Riser pipe by dth rig machine, with 125 mm blue upvc casing pipe, including platform & drain etc. F.Y. 2023 -24. | SR-I | 30 | 25.16640 | 0.51 | 0.05 | 01 Month |
| 2 | | SR-II | 30 | 25.16640 | 0.51 | 0.05 | 01 Month |
| 3 | Date of Tender Uploading in Website | | | Date – 21.06.2023 up to 04:00 PM | | | |
| 4 | Last Date Receipt of Bid | | | Date – 27.06.2023 up to 05:00 PM | | | |
| 5 | Last Date Submission cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | | | Date – 28.06.2023 up to 02:00 PM<br>1- Executive Engineer, DW&S Div. Simdega.<br>2- Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. | | | |
| 6 | Date of Opening Tender (Technical Bid) | | | Date – 28.06.2023 up to 05:00 PM | | | |
| 7 | Name and Address of office Inviting Tender | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | | |
| 8 | Name and Address of Tender Opening Officer | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | | |
| 9 | Contact No. of e-Procurement office | | | 06525-350233 | | | |
| 10 | Helpline No. of e-Procurement cell | | | 06525-350233 | | | |

Note :- i) Tender is liable to be canceled at any time without assigning any reason.
ii) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
iii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iv) Further detail can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W.& S. Division, Simdega**

PR 300264 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**Office Of The Executive Engineer-cum-Member Secretary**
**SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN)**
**Drinking Water & Sanitation Committee, Khunti, Jharkhand**
**Phone: - 06528-299928, Email: - eedwsd.khunti@gmail.com**

**Invitation for Quotation**

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Khunti, Jharkhand ".**

**The summary of tender details is as below:**

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG/DWSD/Gobardhan/01/2023-24 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 2500/- (Rupees Two Thousand Five Hundred only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 25,000.00 (Rupees Twenty Five Thousand only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer-cum-Member Secretary SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committee, **Khunti,** Jharkhand Phone: - 06528-299928, Email: - eedwsd.khunti@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer-cum-Member Secretary SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committee, Jharkhand, **Khunti** Phone: - 06528-299928, Email: - eedwsd.khunti@gmail.com |
| 6 | Mobile Number | 9110073326 |
| 7 | Contact Person | Eng. Surendra Kumar Dinkar |
| 8 | Email Contact | eedwsd.khunti@gmail.com |

- Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DC KHUNTI http://khunti.nic.in or Department website www.dwsd.co.in or website link- **http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/** Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.
- Selected bidder will submit extra 3% Security Deposit in the shape of Bank guarantee issued by Nationalized /Schedule bank valid for 180 (One hundred Eighty days) from the date of receipt of tender (in case of Firm &Company )or 6 ½ Years National Saving Certificate (6th issue & 8th issue) or 3/5 Years Post Office/Schedule Bank Time Deposit duly pledged from any Post Office/Bank within the State of Jharkhand, in favor of **Executive Engineer-cum-Member Secretary, Drinking Water & Sanitation Mission "PRAKALP", Khunti** (by designation only) shall be deposited in the office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division Khunti.
- On receipt of the written order the successful tenderer will first deposit the 3% balance amount of initial security deposit (ISD) within the specified period and then enter into an F2 agreement with Executive Engineer on the basis of the stipulation in the approved tender documents before the issue of work order.

The **Executive Engineer-cum-Member Secretary**, DWSC khunti reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel he entire process without assigning any reason thereof.

**1.Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 17.06.2023 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 23.06.2023 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 24.06.2023 at 01.00 PM |
| Last date and time for submission of bids. | 26.06.2023 at 4.00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 27.06.2023 at 3.00 PM |

**Executive Engineer-cum-Member Secretary**
**Drinking Water & Sanitation Mission "PRAKALP", Khunt**

PR 300279 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की

# सरकार की नीतियों को लागू करें : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 12 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी उपायुक्तों से कहा कि वे अपने-अपने जिले में एक ही जगह कम से कम 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएं । इस जमीन पर अगले 3 महीने के अंदर सोलर पार्क योजना शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों से सभी तरीके के सरकारी जमीनों का आईडेंटिफिकेशन करने के साथ वहां सरकार का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना में 1 लाख एकड़ प्रति वर्ष का हम लोग लक्ष्य रखे थे, आप लोग इसे 25 हजार एकड़ प्रति वर्ष पर ला दिए। इस वर्ष किसी भी कीमत पर इस लक्ष्य को 50 हजार एकड़ पर ले जाइए। 3 महीने का काम है सब लोग लग जाइए। नर्सरी की बात हो रही थी। मुझे लगता है कृषि विभाग के पास नर्सरी बनाने का पैसा भी रहता है, आप सुनिश्चित कीजिये की प्रत्येक किसान पाठशाला में एक-एक नर्सरी प्रारंभ हो। इसके लिए अलग से पैसा का व्यवस्था कीजिये।




उन्होंने कहा कि प्रत्येक राशन कार्ड धारी परिवार के लिए दो-दो फलदार पौधा का व्यवस्था कीजिये। राशन डीलर के माध्यम से पूरे राज्य में इसे एक तिथि निर्धारित करके बंटवाइए।
मख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष से हम लोग पंचायत भवन बना रहे हैं परन्तु अभी तक पूरा नहीं कर पाए हैं। अगले 3 महीने में जहां भवन स्वीकृत नहीं हुआ है वहां स्वीकृत कीजिये एवं बिजली, सोलर यूनिट, प्रज्ञा केंद्र, एप्रोच रोड, कंप्यूटर कि व्यवस्था सभी पंचायत भवनों में हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा,सभी पंचायत भवन का एक रंग होना चाहिए। अगले 7 दिन के अन्दर विभाग इसे फाइनल करके जिलों को भेज दे, मुझे भी दिखा लीजियेगा। कहीं से फण्ड कि व्यवस्था कीजिये और इस काम को 3 महीने के अंदर पूरा करवाइए। नाम के साथ एक अच्छा फ्लेक्स भी लगवाइये सभी भवनों में। उन्होंने कहा, 15 दिन के अन्दर सभी आंगनबाड़ी भवनों को अगले 3 वर्ष में बनाने की कार्ययोजना हमारे समक्ष होनी चाहिए। आप लोग किस ढंग से काम किये हैं उसकी बानगी देखिये कि पेंशन योजना में सिर्फ 6.5 लाख लोगों का ही मोबाइल नंबर दिया गया है और यह हम नहीं मान सकते हैं कि इतने सारे परिवारों के पास या उसके पास-पड़ोस में मोबाइल है ही नहीं। इस स्थिति को सुधारिए ।उन्होंने कहा, सावित्री बाई फुले योजना में अभी भी बहुत बच्चियां छूट गयी हैं। सभी सरकारी विद्यालय से इस सम्बन्ध में सर्टिफिकेट लीजिये ।उन्होंने कहा, ग्रामीण विकास/ कल्याण/कृषि विभाग मिलकर बैठक करे एवं 1 महीने के अन्दर मुख्यमंत्री पशुधन योजना के इस वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं को स्वीकृत कर दे। उन्होंने कहा, जल जीवन मिशन में सही से काम करना होगा। नहीं तो झारखण्ड जैसे राज्य के लिए यह योजना अभिशाप सिद्ध होगी। जैसे चापाकल में 30- 40 फीट ही पाइप डालता था वैसे ही इसमें भी अगर किया गया तो समझ लो और ऐसा हो रहा होगा। आप उपायुक्त इस योजना पर भी विशेष ध्यान देंगे। उत्कृष्ट विद्यालय पर आप सभी का विशेष ध्यान होना चाहिए।

## मारवाड़ी सहायक समिति ने सतविंदर सिंह सिद्धू को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा व्यवसायी सह समाजसेवी सतविंदर सिंह सिद्धू को उनके जनसेवा समाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। श्री सिद्धू बॉडी बिल्डर मैकेनिक है। उन्होंने मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा संचालित अंतिम यात्रा वाहन जो कि काफी पुराना हो गया था। जिसे उन्होंने इस वाहन का अवलोकन कर उसका आवश्यकतानुसार बेहतर रिपेयरिंग कर एवं रंग रोगन कर नया वाहन का स्वरूप प्रदान कर दिया। अब वाहन बिल्कुल नया जैसा लगने लगा है, श्री सिद्धू ने समाज सेवा करते हुए यह पूरा कार्य निःशुल्क किया है। उनकी इस पुनीत कार्य एवं जन सेवा की सराहना करते हुए समिति के अंतिम यात्रा वाहन के संयोजक प्रमोद बगड़िया, कमल खेतावत, समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, मनीष लोधा ने श्री सिद्धू के प्रतिष्ठान में जाकर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में लोगों ने किया भोजन

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में शुक्रवार को स्व. धनवंती देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट, कुमार ऋषभ, सीमा राय, ममता राय, राजनंदिनी के द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर भट्ट परिवार जनों ने स्व. धनवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अन्नपूर्णा सेवा में 200 लोगो ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा मे 240 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी।

## पत्रकारिता विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह कल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों के संगठन जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ रांची यूनिवर्सिटी (जोसारू) का दूसरा अधिवेशन सह मिलन समारोह रविवार को आरयू पत्रकारिता विभाग के सभागार में होगा। स्पंदन-23 नामक यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें विभाग के वर्तमान से लेकर पुराने 200 से अधिक छात्र शामिल होंगे। उद्घाटन मुख्य अतिथि आरयू कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति की बैठक हुई, जिसमें सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई। कार्यक्रम में विभाग के वर्तमान निदेशक, उप निदेशक, पूर्व निदेशकों, पूर्व और वर्तमान सभी शिक्षक और समन्वयकों को सम्मानित किया जाएगा। देश भर के विभिन्न भागों में कार्यरत पूर्ववर्ती छात्र लंबे अंतराल के बाद एक-दूसरे से मिलेंगे। जोसारू के सभी निबंधित सदस्यों के लिए यह विशेष कार्यक्रम है।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, सड़क जाम

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव स्थित सिदरौल पुलिया के पास शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल को बुढ़मू सीएचसी लाया गया, परंतु यहां डॉक्टर नहीं रहने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सीएचसी में ताला लगाकर बुढ़मू थाना गेट के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। जामकर्ता सड़क पर टायर जलाकर और पुलिस की बैरिकेडिंग का उपयोग कर नौ बजे से 12 बजे तक मुख्य पथ जाम कर दिया और सीएचसी के सामने धरना पर बैठ गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कमलेश राय, सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी और सिविल सर्जन रांची ने डॉ एसके साध्वी के नेतृत्व में टीम भेजी। टीम पहुंचने के तीन घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। वहीं चिकित्सा प्रभारी को हटाने, दवा की समुचित व्यवस्था करने और प्रतिनियुक्त डॉ स्टीफन खेस, अरुण कुमार सहित तीनों डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति हटाकर पुनः सीएचसी बुढ़मू लाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर सोमवार को आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

## लालपुर में शॉटसर्किट से क्रॉकरी गोदाम में लगी आग

# लाखों का समान जल कर हुआ राख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर से आग लगी की घटनाएं सामने आने लगी। ताजा मामला रांची के लालपुर इलाके का है जहां एक क्रॉकरी गोदाम में आग लगने की वजह से लाखों के सामान जलकर राख हो गए। दमकल के वाहन मौके पर भी पहुंचे लेकिन तब तक पूरा गोदाम जलकर राख हो चुका था।



**क्या है पूरा मामला :** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के मरकरी होटल के ठीक पास में स्थित नारायण क्रॉकरी के गोदाम में भीषण आग लग गई ,इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते आग की लपटों ने पूरे गोदाम को अपने आगोश में ले लिया , आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा पहले लालपुर थाने और फिर अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग के दमकल मौके पर पहुंचते उससे पहले आग ने पूरे गोदाम को अपने कब्जे में ले लिया था। भीषण गर्मी की वजह से आज की लपटे तेजी के साथ फैली। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**प्लास्टिक का समान रखा था गोदाम में, हर तरफ फैला धुंवा**
गोदाम में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक के सामान रखे गए थे आग लगने की वजह से सारे प्लास्टिक के सामान जलकर राख हो गए। आपकी वजह से प्लास्टिक की दुर्गंध हर तरफ फैल गई जिससे लोगों को थोड़ी देर के लिए सांस लेने में भी परेशानी होने लगी।

# राज्य कृषि विपणन पार्षद के अध्यक्ष ने पदभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य कृषि विपणन पार्षद के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने शुक्रवार को इटकी रोड स्थित कृषि विपणन कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि राज्य के व्यापारियों के तमाम हितों को ध्यान में रखा जाएगा। राज्य के सभी कृषि बाजार में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। राज्य के सभी कृषि बाजार मॉडल बाजार के रूप में विकसित हों, किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, यह कैसे सुनिश्चित हो इस दिशा में भी सार्थक रूप से पहल किया जाएगा। पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, महासचिव राकेश सिन्हा, आभा सिन्हा, दिनेश लाल सिन्हा, विनिता पाठक, जगरनाथ साहु, राजेश चन्द्र राजू, संतोष सोनी, विभय शाहदेव आदि मौजूद थे।



## ट्रेनिंग के दौरान 2 जवानों को आया हार्टअटैक, मौत

**रांची।** झारखंड में ट्रेनिंग के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 2 जवानों की मौत हो गई। दोनों जवानों ने सीने में दर्द की शिकायत की थी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृत जवानों में सीआरपीएफ 13 बटालियन के हवलदार प्रेम कुमार सिंह और बटालियन-7 के शंभूराम गौड़ हैं। प्रेम कुमार सिंह मणिपुर वहीं शंभूराम गौड़ बिहार के रहने वाले थे। दोनों को सीने में दर्द की शिकायत के बाद जमशेदपुर के मेडिट्रीना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 2 घंटे के अंतराल पर दोनों जवानों की मौत हो गई। सीआरपीएफ जवानों की यूं अचानक मौत की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन लक्षणों के आधार पर दोनों की मौत हार्टअटैक से होने की आशंका व्यक्त की गई है।

## सम्मान | मिस इंडिया वर्ल्डवाइड डॉक्टर अपराजिता सिन्हा का किया स्वागत

# डीएवी संस्कार युक्त शिक्षा देने को प्रतिबद्ध : सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीएवी कपिलदेव में शुक्रवार को मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीतने वाली डॉ. अपराजिता सिन्हा को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने डॉ अपराजिता सिन्हा को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि डीएवी संस्कार युक्त शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है और यह डीएवी के संस्कारों का ही फल है कि डॉ अपराजिता सिन्हा ने संस्कार से संबंधित प्रश्न के उत्तर अच्छे से दिए और मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड का खिताब जीता। मौके पर बोलते हुए डॉ अपराजिता सिन्हा ने कहा कि वे इस विद्यालय के छात्र रही हैं। वह आज बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं क्योंकि जिस मंच पर उन्होंने कभी नृत्य किया था और डिबेट में भाग लिया था । आज वहीं उन्हें सम्मानित किया जा रहा है और वह भी उन्हीं शिक्षकों के द्वारा जिन से उन्होंने पढ़ा है। उन्होंने सभा में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते



हुए कहा कि आज का जीवन बड़ा कठिन हो गया है। प्रतियोगिता हर जगह है इसलिए अपने आप को सकारात्मक बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत से ही सफलता मिल सकती है और सपने सच हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को कहा कि आपलोग जितना मेहनत करेंगे उतना अच्छा फल मिलेगा। अभी से आपलोग कड़ी मेहनत करें और अपने राज्य के साथ-साथ देश का नाम रोशन करें। आज जिस क्षेत्र में जो जितना मेहनत किया है वह आज उसका परिणाम देख रहा है। चाहे वह खेल में हो या फिर पढ़ाई के क्षेत्र में राज्य और देश का नाम रोशन किया है। मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड ने कहा कि हमें अपने कर्म करते जाना चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए ।लेकिन प्रयास पूरा होना चाहिए अपने आप को कभी भी कम नहीं आंकना चाहिए। जैसा कि आपको मालूम है कि 4 दिन पूर्व दुबई में आयोजित एक समारोह में डॉ अपराजिता सिन्हा को मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड घोषित किया गया। मौके पर डॉ अपराजिता सिन्हा के पति डॉ अनिरुद्ध, उनके पिता दीपक सिन्हा को भी शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं तथा वर्ग 9, 10 और 12 के छात्र-छात्राएं इस मौके पर मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस

संदेश

वनों से मानव जीवन के लिये आवश्यक ऑक्सीजन, विभिन्न प्रकार की औषधियाँ, लकड़ी, फल, फूल, बीज, लाह, गोंद, पत्ते, जलावन इत्यादि सीधे रूप से प्राप्त होते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से भी वन हमें अनेकों लाभ पहुँचाते हैं यथा यह मिट्टी, पानी आदि को बांधकर भू एवं जल संरक्षण कार्य करते हैं।

वनों पर मानव की बढ़ती निर्भरता तथा उनकी गुणवत्ता में शनैः शनैः ह्रास के कारण आज सम्पूर्ण विश्व बढ़ते मरुस्थलीकरण (Desertification) की समस्या का सामना कर रहा है। इस कारण हवा एवं जल का प्रदूषण हो रहा है। मरुस्थलीकरण बढ़ने से जहाँ एक तरफ पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भूमि की उर्वरता कम होने से खाद्यान्न के उत्पादन में कमी हो रही है। विशेषकर झारखण्ड राज्य में आज की यह परिस्थिति हमारे जीवन तथा अन्य जीव जन्तुओं के लिये खतरे का द्योतक है। जल एवं खाद्य पदार्थ जैसे आधारभूत तत्वों में कमी आने से हम मानव जीवन का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। वन विभाग के द्वारा मरुस्थलीकरण को कम करने के लिये निरंतर विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, किन्तु इसमें आम नागरिकों को विशेषकर ग्रामीण भाईयों बहनों को भी अधिक जागरुक होने की आवश्यकता है। अतः सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जागरुक करने के लिये आज 17 जून को **"विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस"** मना रहा है।

आज "विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस" पर मेरी सभी राज्यवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ, वृक्ष बचाएँ, जल संचयन करें, वनों को आग से बचाएँ तथा मिट्टी में प्राकृतिक विधि से उपचार करें। इससे बढ़ते मरुस्थलीकरण पर अंकुश लगाया जा सकता है तथा मानव के अस्तित्व को बचाया जा सकता है।


**जोहार।**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 300207 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयला स्टॉक की आग भड़की



## 'गैस चैंबर' में जी रही 60 हजार की आबादी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिछले दो महीने से रामगढ़ जिले के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में कोयले के स्टॉक में रह-रहकर आग भड़क रही है। इससे पूरा इलाका गैस चैंबर में तब्दील होता जा रहा है। तकरीबन 50-60 हजार की आबादी कोयले के स्टॉक से उठ रही आग की ऊंची लपटों, धुएं और गैस की वजह से परेशान है। पिछले कई दिनों से भुरकुंडा का तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच मापा जा रहा है। तकरीबन, 150 टन से भी ज्यादा कोयला जलकर राख हो गया है। अग्निशमन की टीम आग बुझाने में जुटी है, लेकिन इस पर काबू नहीं पाया जा सका है। पांच-छह साल पहले भुरकुंडा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे साइडिंग स्थापित की गई थी। यहां आसपास के खदानों से निकाला गया कोयला, ट्रकों-डंपरों से लाकर स्टॉक किया जाता है। जिसे रेलवे रैक के जरिए देश के कई पावर प्लांटों और फैक्ट्रियों तक भेजा जाता है। इस स्टॉक में पहली आग बीते अप्रैल में ही लगी थी। उस वक्त दमकल की 10-15 गाड़ियां आग बुझाने में लगाई गईं। इसके अलावा गर्म कोयले को साइडिंग से थोड़ी दूर डंप किया गया। इसके बाद आग की लपटें कुछ दिनों के लिए थोड़ी कम जरूर हुईं। लेकिन, स्टॉक में कोयले के नीचे लगी आग पूरी तरह खत्म नहीं हुई। बीते दस दिनों से आग दुबारा तेज हो गई है। जानकार बताते हैं कि कोयला जब ऑक्सीजन के संपर्क में आता है तो ऑक्सीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। अत्यधिक तापमान बढ़ने से कोयले में स्वतः आग लग जाती है। रेलवे साइडिंग में लगी आग भी इसी तरह भड़की है। इस साइडिंग में 40 हजार मीट्रिक टन से भी अधिक कोयले का स्टॉक है। समय रहते आग पर काबू न पाया गया तो करोड़ों का नुकसान होगा। बता दें कि भुरकुंडा के पास आईएजी मोड़ और सौंदाडीह स्थित कोयला खदानों में सालों से भूमिगत आग लगी हुई है। अब, रेलवे साइडिंग की आग ने परेशानी और बढ़ा दी है। रेलवे लाइन, भुरकुंडा के कस्बाई और ग्रामीण इलाके को बीचों-बीच बांटती है। रेलवे साइडिंग की आग ग्रामीण इलाकों और रेलवे लाइन के किनारे की आबादी को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। स्थिति यह है कि पूरा इलाका गर्दो-गुबार और धुएं से भर गया है। कोयले के जलने से चारों ओर गैस फैल रही है। लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीण इलाकों के खेतों में गर्दो-गुबार की परत बिछ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी फसलें चौपट हो रही हैं। पानी के ऊपर कोयले की परत बिछ रही है। इतना ही नहीं, पिछले दिनों रेलवे साइडिंग से कोयला हटाकर आबादी वाले इलाके में बिखेर दिया गया। स्थानीय लोग इसके खिलाफ सड़क पर उतरे तो रेलवे ने कई लोगों को अतिक्रमण का नोटिस भेज दिया। लोगों का कहना है कि वे जब भी इलाके में फैल रही आग और प्रदूषण को लेकर आवाज उठाते हैं तो उनके खिलाफ धारा-107 का नोटिस जारी कर दिया जाता है। कई बार तो विरोध करने वालों को थाने में लाकर बिठा दिया जाता है। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा, इलाके की विधायक अंबा प्रसाद, पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ कई वर्षों से अभियान चलाने वाले निर्दलीय सरयू राय ने अग्नि प्रभावित रेलवे साइडिंग का जायजा लिया है। सांसद जयंत सिन्हा ने आग को प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने इस मुद्दे पर रेलवे और जिला प्रशासन के अफसरों से भी बात की थी।

## सांसद चंद्र प्रकाश ने श्रुति को किया सम्मानित



**गिरिडीह।** यूपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाली श्रुति कुमारी को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 15 जून की देरशाम सम्मानित किया। चौधरी गिरिडीह के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित उनके आवास पहुंचे और गुलदस्ता भेंटकर श्रुति और उसके पूरे परिवार को बधाई दी। उनके साथ लोजपा नेता राजकुमार राज और गुड्डु यादव ने भी श्रुति को सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने श्रुति के पिता डॉ परमांशु अग्रवाल, चाचा पप्पू मोदी सहित पूरे परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र की बेटी ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित कर इलाके का नाम रोशन किया है। यह गर्व की बात है। राज कुमार राज ने कहा कि गिरिडीह का नाम रोशन करने वाली बेटी पर हम सभी को नाज है। सांसद प्रतिनिधि गुड्डु यादव ने इस उपलब्धि के लिए पूरे परिवार को बधाई दी। मौके पर मौजूद आजसू नेत्री प्रियंका शर्मा, अमित यादव, दीपक महतो, पप्पू मोदी, मनोज कुमार, पपिन्द्र राणा, रितेश सराक, मनीष मंडल, मुकेश यादव आदि उपस्थित थे।

## चाईबासा : कोल्हान विवि के सभी कॉलेजों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत व संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर विवि स्तर से तैयारी शुरू कर दी गई है। कोल्हान विश्वविद्यालय के एनएसएस को-ऑडिनेटर दारा सिंह गुप्ता ने सभी कॉलेजों को पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संबंधित तैयारी आरंभ करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार के आदेश पर सभी कॉलेजों में योग दिवस मनाया जायेगा। जिसमें एनएसएस वालंटियर्स के अलावे कॉलेजों के शिक्षक व विद्यार्थी शामिल होंगे। विवि सभागार में भव्य तरीके से योग दिवस मनाने की तैयारी चल रही है।

## पेड़ से गिरकर किशोर गंभीर, राउरकेला रेफर

**चाईबासा।** आम पेड़ से गिरने से घायल बच्चे को मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने पीड़ित बच्चे का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया गया है। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि बच्चे के बायें हाथ की बांह की हड्डी टूट गई है। पीड़ित बच्चा 8 वर्षीय शिवम प्रधान आनंदपुर थाना अंर्तगत ग्राम बुरुतुलुंडा का रहने वाला है। परिजनों के मुताबिक शिवम आम तोड़ने के लिए घर के समीप आम पेड़ पर चढ़ा हुआ था। तभी बच्चा नीचे गिर गया। इससे बच्चे का बायां हाथ टूट गया है। उसे गुरुवार की रात में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने पीड़ित बच्चे का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

## गिरिडीह : श्वेतांबर जैन हाई स्कूल को दिया कंप्यूटर, बेंच, डेस्क, कुर्सी

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह व शिवम आयरन एंड स्टील कम्पनी के संयुक्त सहयोग से 16 जून को श्री विजय भक्ति प्रेमसुरी श्वेतांबर जैन उच्च विद्यालय, मधुबन को10 कंप्यूटर सेट, 30 बेंच-डेस्क व 30 कुर्सियां उपलब्ध करायी गयीं। इस अवसर पर विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी के जिलापाल शिव प्रकाश बगडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष डॉ मोआजाद, राजन जैन, अमित गुप्ता, शिवम आयरन एंड स्टील कम्पनी लिमिटेड के निदेशक प्रमोद अग्रवाल, शंभू जैन, प्राचार्य परमेश्वर झा, विद्यालय प्रबंधन समिति की संयुक्त सचिव तारा बैन जैन, उपाध्यक्ष गिरीश भाई कोठरी, विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## शिविर में दी गई बीएलओ एप्प की जानकारी

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में 16 जून को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी विनय प्रकाश तिग्गा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अप्रशिक्षित बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को मास्टर ट्रेनर अमित कुमार सिन्हा ने बीएलओ एप्प की जानकारी दी। प्रशिक्षण के क्रम में बीएलओ के स्मार्ट फोन में बीएलओ एप्प डाऊनलोड करवा कर संबंधित मोबाईल नंबर का पंजीकरण किया गया। प्रशिक्षक ने बीएलओ एप्प में मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधा, मतदाता सूची में नए मतदाता को जोड़ने, विलोपन करने, संशोधित करने व वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया। बताया कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वालों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाइजर इंद्रजीत महतो, राम नरेश सिंह, बिजन हेम्ब्रम, पर्यवेक्षिका किरण प्रसाद, मोनीता कुमारी, तनुजा कुमारी, ममता सिन्हा, सलोनी सोरेन, मंजू कुमारी सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

## धनबादः लू लगने पर सड़क से 20 फीट नीचे गिर कर 67 वर्षीय बुजुर्ग की हुई मौत

**धनबाद।** पुटकी 2 नम्बर निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा उर्फ.प्रकाश सोनार 67 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद वर्मा उर्फ.प्रकाश सोनार का शव 15 जून गुरुवार मुंडापटी न्यू मैरीन आंगनबाडी के समीप पाया गया. संभवतः लू लगने से उनकी मौत हो गई। वार्ड 9 पार्षद प्रतिनिधि सुभाष पासवान की नजर बेहोशी अवस्था में उन पड़ी तो उन्होंने पुटकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र, एक विवाहित पुत्री व भरा पूरा परिवार छोड गये हैं। घर पर शव पहुंचते ही परिवार में मातम पसर गया। सुभाष ने बताया कि लू लगने से वह सड़क से 20 फीट खाई में गिर गए थे। इस कारण शरीर के कई हिस्से में खरोंच आ गयी थी. उसने इसकी सूचना परिवार वाले को दी। परिवार वाले हॉस्पिटल से शव को अपने घर ले आए।

# हजारीबाग के पूर्व झाविमो नेता मुन्ना सिंह की कांग्रेस में वापसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आ अब लौट चलें कार्यक्रम के तहत झारखंड विकास मोर्चा के हजारीबाग के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा लिया। शुक्रवार को कांग्रेस भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने हजारीबाग प्रखंड के कई मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

**मोदी सरकार से कारनामों से अब युवा जग गए हैं : राजेश ठाकुर**

मुन्ना सिंह का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का पल है कि सैकड़ों युवा और जनप्रतिनिधि कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा देश को एक नई दिशा और दशा दे रही है। यह उसी का परिणाम है कि युवाओं का झुकाव कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। जिस प्रकार रोजगार के नाम पर मोदी सरकार नौ सालों से युवाओं को ठग रही थी, अब देश के युवा जाग गए हैं। जब- जब युवा जागृत होता है, तब- तब सत्ता परिवर्तन होता है। आज युवाओं की भीड़ बताती है कि 2024 मोदी सरकार की हार का आगाज है।

**घर वापसी कर खुशी हो रही है : मुन्ना सिंह**

मुन्ना सिंह ने कहा कि आज हम अपने घर में वापस लौट कर खुशी महसूस कर रहे हैं। राजेश ठाकुर का सशक्त नेतृत्व और कार्यकताओं के साथ व उनके प्यार ने हमें कांग्रेस का दामन थामने को विवश किया। हम पूर्ण रूप से कांग्रेस पार्टी की सेवा बिना किसी स्वार्थ के करेंगे। पार्टी जहां चाहे, जिस काम में चाहे, मुझे लगा सकती है। मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहूंगा. मुन्ना सिंह के साथ गणेश मेहता प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, मुन्ना मेहता, निलम देवी, सुरेश प्रसाद, ओम प्रकाश देव, बंसत रविदास, राजेन्द्र मेहता, उपप्रमुख हजारीबाग सदर रविकांत सिंह, मो अखलाख, मुखिया कटकमसांडी, मो इम्तियाज आलम-मुखिया सदर, लडहन राम, पवन कुमार देव, गणेश बैठा, जीतू यादव, अनिता देवी, डॉ प्रदीप, अधिवक्ता सतीश, राजेन्द्र, सुरेश प्रसाद, बंसत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए।

# सांसद ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के सांसद गीता कोड़ा एवं जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को सारंडा के छोटानागरा, सोनापी में एक पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। साथ ही कोलपोटका एवं बरंगा पंचायत स्थित चार सरना स्थल की चहारदीवारी व घुमकुड़ीया भवन निर्माण का भी शिलान्यास किया। ग्रामीण पीसीसी सड़क का निर्माण एमआई विभाग एवं अन्य सभी योजना कल्याण विभाग जिला चाईबासा के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। वहीं सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि सुदूरवर्ती सारंडा के विभिन्न गांवों को छोटानागरा व मनोहरपुर से जोड़ने वाली ग्रामीण मुख्य सड़क का निर्माण काफी महत्वपूर्ण है। जिससे स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। चूंकि इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के वर्षों पुरानी मांग रही है। उन्होंने नए पीसीसी सड़क व सरना स्थल की चहारदीवारी निर्माण को लेकर संवेदकों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा स्थानीय ग्रामीणों को भी पीसीसी सड़क एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य को सही ढंग से कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। सांसद गीता कोड़ा को स्थानीय ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं एवं योजनाओं के बारे जानकारी दी। साथ ही उन सभी विकास कार्यों को भी अतिशीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया।

# सीआरपीएफ ने पर्यावरण बचाने के लिए कई कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सीआरपीएफ की ई-26 बटालियन के सहायक कमांडेंट सुबीर कुमार मंडल के नेतृत्व में मिशन लाइफ के तहत लाइफ स्टाइल के लिए पर्यावरण की रक्षा हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में 16 जून को नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के प्रोस्पेक्टिंग उच्च विद्यालय किरीबुरू में विद्यालय के प्रधानाचार्य कन्हाई बिरुवा, सहायक शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पर्यावरण बचाव के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत पौधारोपण, बाईक रैली, योगाभ्यास किया गया। सहायक कमांडेंट सुबीर कुमार मंडल ने अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अधिक-से-अधिक पौधारोपण, दैनिक योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## गोमिया प्रखंड में तीस हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार 15 जून को बीडीओ कपिल कुमार ने पीडीएस डीलरों व प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ एक बैठक किया। जिसमें बताया गया कि 16 से 30 जून तक प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में विशेष कैंप लगाकर प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिसमें सभी लालकार्ड, अंत्योदय और ग्रीन राशनकार्ड धारियों व उनके परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड में 30 हजार नए आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि आयुष्मान कार्ड सभी जरूरतमंद लोगों का बने, उसके लिए सभी पीडीएस डीलर, रोजगार सेवक व सहिया प्रचार प्रसार में सहभागी बनें। मौके पर रोजगार सेवक, विनय गुरु, शिवशंकर रविदास आदि उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध हरिणा मेला शुरू गुड़-चना का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका के हरिणा स्थित प्राचीन शिव मंदिर मुक्तेश्वर धाम में शुक्रवार को प्रसिद्ध हरिणा मेला का आरंभ हुआ। रजो संक्रांति के अवसर पर मुक्तेश्वर धाम में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। मुक्तेश्वर धाम के पूजारी बजरंगी दंडपाट ने विधिवत पूजा-अर्चना कराया. झारखंड के साथ ओड़िशा और बंगाल के भक्त इस मंदिर में पंहुचे थे। इस अवसर पर पोटका के विधायक संजीव सरदार ने भी बाबा के दरबार में माथा टेका और विधानसभा क्षेत्र के लोगों के समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने भक्तों के बीच गुड़ और चना का वितरण किया। बता दें कि रजो संक्रांति के उपलक्ष्य में चार दिन तक हरिणा मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में विभिन्न प्रकार की दुकानों के अलावे मौत का कुंआ, इलेक्ट्रॉनिक झूला, मैजिक शो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## शादी के नाम पर बिकने से बची नाबालिग, आधा दर्जन गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची की शादी परदेसी दूल्हे से कराने की तैयारी की जा रही थी, तभी इसकी भनक बाल संरक्षण इकाई को लग गई और परदेस से झारखंड आये आधा दर्जन लोगों को पकड़ लिया गया। बताया जाता है कि मुफ्फसिल थाना इलाके के एक गांव की नाबालिग लड़की की शादी राजस्थान के एक पुरुष के साथ कराने की पूरी तैयारी हो चुकी थी। इसी बीच किसी ने इस मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी। सूचना पर सीडब्ल्यूसी के जीतू कुमार और मुफ्फसिल थाना की पुलिस विवाह स्थल पर पहुंची और शादी करने आये लोगों को दूल्हे के साथ पकड़ लिया। इन लोगों के पास पास से मोटी रकम और शादी का कपड़ा बरामद किया गया है। बताया जाता है कि इस शादी के एवज में दूल्हे और उसके घरवालों ने लड़की वालों को एक लाख रुपए देने का भरोसा दिया था।

**मामला** | पति ने सीएस व डीसी से की शिकायत, डॉक्टर ने मांगी माफी

# अस्पताल में प्रसूता के साथ डॉक्टर ने की बदतमीजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के कोर्ट रोड स्थित सदर अस्पताल में शुक्रवार 16 जून को इलाज के लिए आई प्रसूता महिला के साथ गायनी विभाग की डॉक्टर संध्या तिवारी ने अभद्र व्यवहार किया। डॉक्टर के इस अभद्र व्यवहार से प्रसूता सदमे में है। डॉक्टर के इस व्यवहार से नाराज प्रसूता के पति मुकेश साव ने उपायुक्त संदीप कुमार व सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा से लिखित शिकायत की है। घटना के बारे जानकारी देते हुए पीड़िता के पति ने बताया कि वह हीरापुर भिस्ती पाड़ा के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी गर्भवती है। गर्भ का अंतिम महीना चल रहा है। वह पेट



दर्द की शिकायत लेकर विगत 15 जून को अपनी मां के साथ सदर अस्पताल पहुंची। पर्ची कटाने के बाद डॉक्टर संध्या तिवारी से मिली और पेट में दर्द बताया। परंतु डॉक्टर संध्या तिवारी अचानक आग बबूला हो गयी और अभद्र तरीके से पेश आई। डॉक्टर ने कहा कि जब दर्द बर्दाश्त नही होता है, तो इस बच्चे को क्यों रखी हो, इसे गिरा दो। डॉक्टर के इस व्यवहार के बाद प्रसूता सदमे में है। चिंता जताते हुए महिला के पति मुकेश कुमार साव ने कहा कि डॉक्टर का ऐसा व्यवहार पत्नी के लिए मौत का कारण बन सकता है। हालांकि डॉक्टर संध्या तिवारी ने मरीज व उनके परिजन से माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि वह एक डॉक्टर हैं। जानबूझकर कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया। अगर उनकी किसी बात से मरीज व उनके परिजनों को बुरा लगा तो वह तहे दिल से क्षमा चाहती हैं।

# छत पर सोता रहा परिवार, चोर नगदी गहने के साथ स्कूटी चुरा ले गए भागे

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** उलीडीह ओपी अंतर्गत राजेंद्र नगर के पास स्थित भगवान नगर निवासी शंभू कुमार झा के घर में बीती रात चोरों ने लाखों रुपए के सामानों की चोरी कर ली। चोर घर से नकद, घरेलू सामान के साथ-साथ मोबाइल और बैटरी चलित स्कूट लेकर फरार हो गए। गृहस्वामी शंभू कुमार झा ने शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी पुलिस और स्थानीय भाजपा नेता विकास सिंह को दी। शंभू कुमार ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और बिजली गुल रहने के कारण वह सपरिवार छत पर सोने चले गए थे। घर के प्रवेश द्वार में लगे गेट एवं छत के बीच लगभग डेढ़ फीट के



खाली स्थान से चोर आसानी से घर पर प्रवेश कर गए और कमरे में मौजूद अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे हुए 65 हजार रुपये नकद के साथ-साथ जेवर लेकर फरार हो गए, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख बताई जा रही है। इसके साथ ही चोरों ने घर में लगे एलसीडी टीवी, मोबाइल फोन के साथ-साथ नई बैटरी चलित स्कूटी पर भी हाथ साफ कर दिया। स्कूटी की आवाज सुनकर शंभू कुमार झा की पत्नी की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि दो चोर स्कूटी में सारा सामान लादकर ले जा रहे हैं। चोरी के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

# तीन दिवसीय 11 वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता शुरू



- ट्रायल में ही नाराज हुए एसपी, लगाई फटकार
- व्यवस्था में दिखी कमी पेयजल और शौचालय व्यवस्था से आक्रोशित खिलाड़ी
- सीओ-इंस्पेक्टर ने प्रबंधन से बैठक कर लिया जायजा, कहा नही थी कोई सूचना









**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जवाहर घाटी स्थित तिलैया डैम में झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन एसपी मनोज रतन चौथे, एसडीपीओ नाजिर अख्तर सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नारियल फोड़ कर किया। उसके बाद डेमो बोट रेसिंग के लिए एसपी, एसडीपीओ, एसोसिएशन के ईस्ट जोन चेयरमैन आदि ने भाग लिया। परंतु बोट में तेल कम होने के कारण बोट बीच डैम में ही बंद हो गया। भीषण गर्मी और कड़ी सभी अतिथि बीच डैम में करीब आधे घंटे तक तेल का इंतजार करते रहे परंतु तेल नही आया। पानी की तरंगों से किसी प्रकार बोट किनारे आया। जहां से एसपी सहित सभी पैदल आयोजन स्थल पहुंचे और एसोसिएशन के चेयरमैन संतोष प्रसाद सहित अन्य अधिकारियो को अनुशासनहीनता और कुव्यवस्था के लिए कड़ी फटकार लगाई और बैरंग वापस चले गए। यह भी कहा कि किसी भी प्रकार के अनहोनी के लिए आयोजक दोषी होंगे और कड़ी कारवाई की जायेगी।

### पानी, शौचालय के लिए खिलाड़ी रहे परेशान

आयोजकों ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने के लिए यूपी, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली आदि सहित कुल 19 राज्य से महिला और पुरुषो की टीम पहुंची है। इनमे कई खिलाड़ियों में व्यवस्था के प्रति घोर नाराजगी दिखी। स्पर्धा आयोजन के लिए कोई जिम्मेवार कमिटी नही दिखी। हिमाचल के खिलाड़ी जासिया ने बताया कि तापमान भी अधिक है और पानी, बिजली की घोर समस्या है। हरियाणा, यूपी, दिलाई की महिला टीम ने पीने की पानी और शौचालय का शिकायत किया। कमोबेश सभी खिलाड़ियों में प्रबंधन को लेकर आक्रोश दिखा।

### डेमो बोट पलटा

राष्ट्रीय ड्रैगन स्पर्धा की शुरूआत डेमो के साथ किया गया. परंतु बतौर डेमो हरियाणा टीम के प्रदर्शन के दौरान दो बार बोट पलट गया। दूसरे खिलाड़ियों की मदद से सभी खिलाड़ियों को रेस्क्यू कर लाया गया। मौजूद विभिन्न हरियाणा टीम के खिलाड़ियों ने बताया की यह स्पर्धा जोखिम भरा है, बचाव के लिए एनडीआरएफ, मेडिकल की टीम होती है, जो मौजूद नही है। सुरक्षा के इंतजाम नही हैं।

### आयोजकों ने कहा

आज सिर्फ डेमो और ट्रायल है, कल से सभी कमियां दूर कर ली जायेगी। स्पर्धा के लिए तीन ड्रैगन बोट, सहित अन्य रेस्क्यू बोट, लाइफ जैकेट इत्यादि का इंतजाम किया गया है। रहने खाने के लिए व्यवस्था किया गया है। किसी भीं टीम को कोई दिक्कत नही होंगी।

### सीओ और इंस्पेक्टर ने लिया जायजा

स्पर्धा की कमियों को देखते हुए सीओ और इंस्पेक्टर ने प्रबंधन के साथ बैठक कर पूरी जानकारी लिया। साथ ही पूरी व्यवस्था करवाने के बाद ही गेम प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रबंधन को स्पर्धा के पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक करने की भी बात कही, जो नही किया गया. कोबरा 203 से पानी की व्यवस्था की गई।

---

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम को लेकर बैठक

## फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करें : सीएस




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ० प्रभात के नेतृत्व में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा डेंटल फ्लोरोसिस एवं स्केलेटल फ्लोरोसिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सभी सीएचओ एवं सहियाओं के माध्यम से घर-घर जाकर फ्लोरोसिस की जांच करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा वैसे जल स्त्रोत जहाँ फ्लोराइड की मात्रा अधिक है वैसे स्थानों पर विशेष रूप से ध्यान देने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ० सविता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बीमारी दांत एवं हड्डी प्रभावित करती है। इसमें हड्डियां टेढ़ी हो जाती है एवं दांतो में भूरे धब्बे एवं क्षरण प्रारम्भ हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के लिए हमे अपने आहार में ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक आहार शामिल करना चाहिए साथ ही नियमित व्यायाम करनी चाहिए। क्योंकि यही छोटे छोटे बदलाव हमे फ्लोरोसिस, मधुमेह, रक्तचाप एवं हृदय रोग से बचा सकते है। कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट, एनपीपीसीएफ डॉ० पल्लवी कौशल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो धीरे-धीरे हड्डियों को खत्म करने की क्षमता रखती हैं एवं बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी से बचाव

### इन बिंदुओं पर दी गई जानकारी

1. जंक फूड जैसे चाट-गुपचुप जैसे पदार्थों का कम से कम सेवन करना की सलाह दी गई।
2. अपने आहार में फल, हरी सब्जी, दूध जैसे पदार्थों को नियमित रूप से शामिल करने की सलाह दी गई।
3. काली चाय के सेवन से बचने की सलाह भी दी गई।
4. फ्लोरोसिस के लक्षण दिखने पर सदर अस्पताल आकर निःशुल्क जांच करवाएं।
5. नल के जल को बोरिंग से ज्यादा प्राथमिकता देने की सलाह दी गई।
6. फ्लोराईड के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश।

सभी को अपने खाने में हरी सब्जी, फल एवं दुध जैसे पदार्थों को शामिल करना चाहिए।

---

### आज एकीकृत संघर्ष मोर्चा मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

**बरकट्ठा।** एकीकृत पारा शिक्षक सह सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रखंड के पारा शिक्षकों की बैठक प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर तथा संचालन अरुण कुमार मंडल ने किया ।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार यदि कैबिनेट से वेतनमान घोषणा नहीं करती है तो राज्य कमेटी के निर्णयानुसार 17 जून को बरकट्ठा के तमाम पारा शिक्षक मुख्यमंत्री का आवास घेराव के हेतु रांची कुच करेंगे और राज्य सरकार का विरोध करेंगे। सूकर ठाकुर ने कहा,अविलंब झारखंड सरकार सहायक अध्यापकों को जल्द से जल्द वेतनमान देने की घोषणा करें नहीं तो झारखंड सरकार को आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।वहीं अरुण कुमार मंडल ने कहा कि सरकार अपने चुनावी सभा में पारा शिक्षकों को सरकार बनने के 3 माह के अंदर वेतनमान देने की घोषणा की थी,परंतु लगभग 4 वर्ष बीतने के बाद भी अभी वेतनमान प्राप्त न होना कहीं ना कहीं पारा शिक्षकों के साथ छलावा किया जा रहा है।सहायक अध्यापक राम लखन प्रसाद ने कहा कि सरकार अब गुमराह करना व समय लेना बंद करें क्योंकि आक्रोश पनप रहा है। मौके पर सरयू महतो ,भीखन प्रजापति, परमेश्वर यादव ,मोहम्मद रियाज अंसारी, मनोज कुमार, कामेश्वर कुमार आदि उपस्थित थे।

---

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति अन्य सदस्यों से ली, साथ ही जिले में स्थित भैरवी नदी व दामोदर नदी के जितने भी सहायक नदियां हैं उनकी साफ-सफाई को लेकर उप विकास आयुक्त ने भुवन गंगा ऐप के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में जितने भी वाटर ड्रेनिंग या डंपयार्ड है उनकी मैपिंग कर भुवन गंगा ऐप पर अपलोड करना है।इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद रामगढ़ को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी रामगढ़, नगर परिषद के पदाधिकारी, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### बरकट्ठा में शॉर्ट सर्किट के कारण मकान में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर खाक

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद के एक मकान में लगने से हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। इस बाबत भुक्तभोगी नेमचंदी राणा,पिता स्व. पेशा राणा ,ग्राम कलहाबाद निवासी ने अंचल अधिकारी बरकट्ठा को आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लैपटॉप, कपड़ा, कॉपी किताब समेत करीब 50 हजार की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वही जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया कलहाबाद तथा पंचायत समिति सदस्य ने आवेदन को अग्रसारित किया है।

### रामगढ़ में रिम्स के नए प्रभारी निदेशक का स्वागत



**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महामंत्री खिरोधर साहू, मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने सदर हॉस्पिटल जाकर रिम्स के नवनियुक्त प्रभारी निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की रामगढ़ सदर हॉस्पिटल में सेवा दे चुके डॉ राजीव कुमार गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक नियुक्त करना पूरे रामगढ़ वासियों के लिए हर्ष का विषय है ।कहा की हम आशा करते हैं की रिम्स को नए और अनुभवी निदेशक मिलने के बाद अब वहां के मरीजों और अस्पताल की स्थिति में सुधार आएगी।

### राधा गोविंद विवि. में प्लेसमेंट का आयोजन



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के जसप्रीत सलूजा एवं पिंकी कुमारी के नेतृत्व में फैंटास्टिको ईडीटेक कंपनी के सीनियर मैनेजर विशाल द्वारा राधा गोविंद विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर चुके विद्यार्थियों का चयन कैंपस ड्राइव से किया गया। जिसमें 16 में से 09 विद्यार्थियों में एमबीए, बीबीए, एमकॉम, बीकॉम के दिलकश परवीन, अशिका कुमारी, सिमरन कुमारी, इंज्मामूल हक, आर्यन यादव, अमित कुमार पासवान, शिवम कुमार पाण्डेय, आयुष राज सिंह एवं साक्षी गुप्ता का चयन किया गया । चयनित सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव सह समाजसेवी प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा डॉ. रश्मि, विश्वविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बधाई दी ।

### अवैध रूप से बिजली जलाने वाले दस लोगों के खिलाफ हुई प्राथमिकी दर्ज

**बरही ।** बकाए बिजली बिल वसूली और विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विभाग लगातार छापेमारी कर प्राथमिकी दर्ज करवा रही है। बाबजूद उपभोक्ता बिल जमा करने में लापरवाही और अवैध बिजली जलाने में माहिर दिख रहे है। एसडीओ सौरभ लिंडा ने बताया कि गुरुवार को बरही के कोनरा और डपोक पंचायत के दस लोगो पर ऊर्जा चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। उन्होंने बताया कि इनसभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया रहने के कारण कनेक्शन काटा गया था। परंतु छापेमारी के दौरान टोका लगाकर बिजली जलाते पाए गए हैं। दर्ज प्राथमिकी में कोनरा के तार बंगला निवासी मो तारुफ अली, रौशन अली, दिलचंद साव के पुत्र सुखदेव साव, डपोक पंचायत के ओरपरता निवासी अशोक दास, संजय राणा, खुर्दजवार निवासी महेंद्र रविदास, डपोक निवासी दुखन पासवान, टिकैत पासवान, शंकर पासवान और बेलादोहार निवासी उमेश रविदास का नाम शामिल है।

---

**प्रशंसा** | शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट मैच का समापन

# फाइनल में कुंदन क्रिकेट क्लब बना चैंपियन

### परी बनी मैन ऑफ द मैच, बतौर मुख्यतिथि शामिल हुई एसडीओ पूनम कुजूर




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीएसए की ओर से आयोजित शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट मैच का शुक्रवार को समापन हुआ. फाइनल और अंतिम मैच बीएसए बरही व कुंदन क्रिकेट क्लब कुमारडुब्बी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसए बरही की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 157 रन बनाई। जवाबी पारी खेलने उतरी कुंदन क्रिकेट क्लब कुमारडुब्बी ने निर्धारित ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर सीरीज अपने नाम कर लिया। सर्वाधिक 59 रन बनाने वाली परी कुमारी को मैन ऑफ द मैच परी घोधिता किया गया। मैच में बतौर निर्णायक सोनी कुमारी व ऋषि कुमार, स्कोरर अनिशा कुमारी और कमेंटेटर के रूप में सोनम कुमारी ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई। कार्यक्रम में अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ पूनम कुजुर शामिल हुई। उन्होंने महिला खिलाड़ियों का हौसलावर्धन किया और कहा कि खेल में अनुशासन महत्वपूर्ण है। जीत हार एक ही सिक्के के दो पहलू है। महिला टूर्नामेंट आयोजन के लिए बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की भी भूरी भूरी प्रशंसा किया। मैच को सफल बनाने में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, संतोष शर्मा, बसंत ठाकुर, सक्षम कुमार, सचिन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

### कैथा रथयात्रा महोत्सव 20 को, सांसद और विधायक होंगे शामिल

**रामगढ़ ।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया 20 जून को कैथा में होने वाले रथयात्रा महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कैथा रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति सदस्यों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें रथयात्रा के पावन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया। वहीं, गिरिडीह सांसद ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन समिति को रथयात्रा महोत्सव की तैयारी में जुटने और स्वच्छता और पवित्रता के साथ आयोजन संपन्न करने की बात कही। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा में रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होता है। जहां हजारों की तादाद में सैलानी और श्रद्धालु पहुंचते और भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल पाते हैं।

# भारतीय शक्ति, स्वाभिमान व स्वावलंबन को समर्पित रहे पीएम के नौ साल : अन्नपूर्णा देवी




**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया। केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अबतक का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लक्षित इन 9 वर्षों में देश की शक्ति बढ़ी है, स्वाभिमान बढ़ा है, देश स्वावलंबी हुआ है। अन्नपूर्णा देवी भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को झुमरी तिलैया में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सामान्य जन के गरिमापूर्ण जीवन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पहली बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक तय समयसीमा में देश के हर नागरिक तक पहुंच रही हैं। आवास, शौचालय, खाद्यान्न, सड़क, पेयजल, बिजली,सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाएं बगैर बिचौलियों के हाथ में गए शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुँच रही हैं। जन धन खातों और डीबीटी के माध्यम से सरकार द्वारा भेजा गया एक एक रुपया वास्तविक लाभार्थी तक पहुँच रहा है। पहली बार किसानों को पीएम किसान के माध्यम से सालाना 6000 रुपए का आर्थिक समर्थन मिल रहा है। मिट्टी जांच, फसल बीमा, नीम कोटेड यूरिया, सिंचाई के साधन, न्यूनतम समर्थन मूल्य और विस्तृत बाजार देकर किसानों की स्थिति सुधारी गयी है। ठेले खोमचेवालों को पीएम स्वनिधि के जरिये पहली बार बिना गारंटी 10 हजार रुपये तक का लोन दिया गया है। मुद्रा योजना के जरिये छोटे कारोबारियों को कारोबार शुरू करने या बढ़ाने के लिए आर्थिक समर्थन दिया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के जरिये 9 करोड़ से ज्यादा परिवारों को रसोई गैस की सुविधा दी गयी है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। स्वदेश निर्मित वस्तुओं और उपकरणों के उत्पादन और मार्केटिंग को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और इस प्रक्रिया में लाखों लोगों को रोजगार मिला है। सरकार खुद रोजगार मेला लगाकर रिक्त पदों पर भर्तियाँ कर रही है। अबतक छह रोजगार मेले आयोजित हो चुके हैं जिनमे करीब साढ़े चार लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा जा चुका है।

### झारखंड संविधान जगार जतरा पहुंची सिमडेगा, कहा

# जन-जन तक पहुंचे सविधान की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। झारखंड संविधान जगार जतरा शुक्रवार को सिमडेगा पहुंची। जहां परिसदन में उन्होंने प्रेस वार्ता का आयोजन किया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व टीएससी मेंबर रतन तिर्की, प्रभाकर तिर्की बलराम महतो, एवं अन्य उपस्थित रहे जहां पर जानकारी देते हुए बलराम महतो ने कहा कि देश आजाद हुए 75 साल पूरे हुए जहां पर हमने आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में सभी लोगों ने इसका उत्सव मनाया ।उसी प्रकार देश का संविधान अब 75 साल पूरे होने वाले हैं जिसे पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा लोगों के बीच संविधान की जानकारी देने के उद्देश्य से संविधान जगार जतरा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा नई पीढ़ी के लिए सविधान की जानकारी नहीं होना बहुत ही दुखद है इसलिए हमें उनके अधिकार दायित्व को बताने की आवश्यकता है। हम संविधान के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देंगे ताकि आने वाले दिनों में संविधान की सभी लोगों को जानकारी होगी उन्होंने बताया कि झारखंड से यह जतरा का शुरूआत 9 जून को किया गया है जो कि खरसावां ,पश्चिमी सिंहभूम होते हुए सिमडेगा जिला पहुंची और इसके बाद आगे बढ़ेगी। हमारा उद्देश्य है कि लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें एक नागरिक के कर्तव्यों की भी जानकारी देनी संविधान निर्माण के समय सभी का सहयोग था ।उसी प्रकार वर्तमान समय में सविधान की जानकारी के लिए गांव के लोगों को जोड़ना छात्रों को जोड़ना इसके अलावा पंचायत के जनप्रतिनिधियों को इस पर जोड़ना महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा ।वर्तमान समय में गीता कुरान बाइबल पर सभी लोग ज्ञान दे रहे हैं परंतु जिससे देश चल रहा है उस



सविधान के बारे कोई भी नहीं कह रहा है यह दुखद है। इसीलिए हम अधिक से अधिक लोगों को संविधान के बारे में जानकारी देंगे ।उन्होंने कहा यह कार्यक्रम एक झंडा तिरंगा एक किताब संविधान के रूप में सभी पार्टी सभी धर्म सभी समाज के लोगों को एक बैनर के तले जोड़ने का काम करेगी ।

## प्रतिबंधित मवेशियों से लदा 10 पिकअप वैन जब्त, 7 लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**कोलेबिरा।** अवैध रूप से गोवंश को तस्करी कर ले जाते को पकड़ा पुलिस कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा गांगुटोली रोड स्थित बरवाडी आरसी मध्य विद्यालय के समीप थाना प्रभारी प्रभात कुमार के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गांव पशु से लदा 10 पिकअप बैन को पकड़कर जब्त किया गया जब करने के दौरान 3 पिकअप का ड्राइवर फरार हो गया कम 7 लोगों को पुलिस के द्वारा दबोच लिया गया ।इधर थाने में पिकअप वेन लाकर पशुओ की गिनती की गई जिसमें कुल 46 पशु पाए गए तस्करों से पूछे जाने पर गोवंश को उड़ीसा राजगमपुर से रांची ले जाने की बात स्वीकार की गई इस संबंध में 7 नामजद एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया जिसमें नामजद सूरज यादव उम्र 30 वर्ष पिता हरिशंकर यादव, शिशु कुमार उम्र 22 वर्ष पिता लाल बाबू यादव, आदित्य मिश्रा उम्र 18 वर्ष पिता विकास मिश्रा, मुकेश चौधरी उम्र 26 वर्ष पिता जयनारायण चौधरी, विकास सिंह उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय सुधीर सिंह, सनाधारी यादव उम्र 19 वर्ष पिता शिवप्रसन यादव, देवेंद्र यादव उम्र 50 वर्ष पिता तारकेश्वर यादव को कांड संख्या 43/2023 धारा 414/34 भा.द.वि. 11(डी)(एफ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, एवं 12 (卐) (卐卐) झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत 7 लोगों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में तीन घायल

**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग थाना क्षेत्र के ग्राम जामटोली के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना तीन व्यक्ति गिर कर घायल हो गये ।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गटीगढ़ा निवासी चुनु गोप ,बिजय कंडुलना ,अजय कंडुलना एक मोटरसाइकिल से जितुटोली जा रहा था ।तभी सन्तुलन विगड़ जाने के गिर पड़े और घायल हो गए।जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता घायलों को उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुचाये। चुनु गोप को सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

## बानो में छापेमारी अभियान चलाकर दुकान से एक नाबालिग बच्चे को किया रेस्क्यू

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत बानो रेलवे स्टेशन पर एनसीपीसीआर और धावा दल के साथ छापा मारा गया जिसमें बानो के विभिन्न दुकानों में छापा मारा गया जिसमें 1 बच्चे को रेस्क्यू किया गया जो छोटे उम्र में कार्य कर रहा था। इसमें डीसीपीओ सुमित्रा बड़ाईक ,श्रम अधीक्षक, पुनीत मिंज बानो रेलवे के अधिकारी विजय पांडेजी, छोटा नागपुर कल्याण निकेतन के निर्देशक प्रियंका सिन्हा जिला कोऑर्डिनेटर नितिन कुमार ,सीडब्ल्यूसी के सदस्य कंडुलना जी, चाइल्डलाइन के सदस्य उपस्थित थे ।इसके साथ ही उपस्थित यात्रियों को ट्रैफिकिंग के बारे में और चाइल्ड लेबर के बारे में संदेश दिया गया। यह संदेश प्रियंका सिन्हा द्वारा सभी अधिकारी की उपस्थिति में दिया गया कोई अपने परिवार के बच्चों को किसी अन्य के साथ ना भेजें इस तरह के संदेश उनके बीच दिया गया जिसमें रेलवे पुलिस के कई सदस्य उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री से मिले सिमडेगा व कोलेबिरा के विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा व कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात की। साथ ही जिले के किसानों के हित मे कई मांग रखी। दोनों विधायको ने कहा कि सिमडेगा जिला कृषि पर आधारित जिला है और यहाँ के लोग कृषि पर ही निर्भर रहते हैं। विधायको ने कहा कि जिले में किसान काफी गरीब हैं। उनके पास खेती करने के लिए भी पैसे नहीं है। इस कारण बहुत से किसान ट्रैक्टर से खेतों की जोताई नहीं कर पा रहे हैं। दोनों विधायकों ने कहा कि हल जोतने वाले मवेशी की कीमत बहुत ज्यादा है। एक जोड़ी हल जोतने वाले मवेशी की कीमत लाखों रुपये तक होती है। ऐसे में कई गरीब किसान हल जोतने वाले एक जोड़ी मवेशी की भी खिरीदारी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में अगर विभाग से किसानों को अनुदान पर हल जोतने वाले मवेशी का वितरण किया जाता तो गरीब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। इस पर मंत्री ने भी हामी भरी। साथ ही कहा कि इसी वर्ष से किसानों के बीच अनुदान पर मवेशी का वितरण किया जाएगा। सरकार किसानों को लेकर काफी चिंतित है। विधायक विक्सल कोंगाड़ी और विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पिछले वर्ष सिमडेगा में भी बारिश कम हुई थी। लेकिन सिमडेगा जिला को सूखाग्रस्त घोषित नहीं होने से किसान खुद को काफी ठगा महसूस किया। विधायकों ने कहा कि सरकार फसल राहत योजना के तहत किसानों को सहायता राशि देने का प्रावधान लागू किया है।

# कोलेबिरा : दुष्कर्म करने के मामले में एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर गांव की ही एक नाबालिक बच्ची के साथ जंगल में दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगा है। पीड़ित नाबालिग बच्ची के मां के लिखित शिकायत पर थाना में मामला हुआ दर्ज। पीड़िता की मां ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि वो कोलेबिरा थाना क्षेत्र डोमटोली पंचायत अंतर्गत घासीलारी ग्राम की निवासी है। पीड़िता की माँ ने बताया कि बीते 13 जून को लगभग 5:00 बजे शाम को मेरी बेटी उम्र करीब 12 वर्ष गांव के ही कुछ सहेली बच्चों के साथ खेल रही थी, तभी घासीलारी गांव निवासी राजनियुश जोजो उर्फ संधू जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है खेलने के क्रम में उसने मेरी बेटी को सभी बच्चों के बीच से जबरदस्ती खींच कर साइकिल से जंगल की ओर ले गया तभी खेलते हुए सभी बच्चों ने जब उसका पीछा किया और उसे छोड़ने के लिए चिल्लाने लगे तब राजनियुश जोजो उफ संधू ने साइकिल को बीच में ही छोड़ कर बच्चों को पत्थर से मारने की धमकी देकर साइकिल को फेकते हुए जल्दी-जल्दी नाबालिग बच्ची को जंगल की ओर ले गया और उसे छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात ये सब देख दूसरे बच्चों ने पीड़िता के घर जाकर उनके परिजनों को जानकारी दिया। जैसे ही उसके माता-पिता को इस बारे में जानकारी मिली उनके पैरों तले जमीन खिसक गया। भागे दौड़े पीड़िता के परिजन जंगल पहुंचे तब तक राजनियुश उस नाबालिग युवती को छोड़कर वहां से भाग गया। वह पूरी तरह से डरी सहमी हुई थी। घर लाकर जब उसके परिजनों ने पूछा तो उन्हें पता चला कि वह लड़का उसके साथ जबरदस्ती डरा धमका कर मुंह बंद करके छेड़खानी कर रहा था। कोलेबिरा पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया जिसे धारा भा. द. सं. 376 इ, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 4, 8, 12 धारा लगाते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## गौ तस्करी-गौ हत्या पर रोक के लिए विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में गौ तस्करी गौ हत्या एवं बकरीद पर्व पर प्रतिबंधित पशुओं की हत्या के उद्देश्य से किए गए इकट्ठा को मुक्त कराने हेतु विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा द्वारा सिमडेगा उपायुक्त, एसपी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि लगातार सिमडेगा जिले में प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी धड़ल्ले से चल रही है इसके लिए सिमडेगा के केरसई,कुरडेग, जलडेगा,बानो के हुरदा गिरदा क्षे,पाकरटांड,बांसजोर, कोलेबिरा जंगली क्षेत्र, बोलबा में गौ तस्करी का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। सिमडेगा मुख्य पथ में पिकअप अथवा कंटेनर में प्रतिबंधित मवेशियों को डालकर क्षेत्र से तस्करी होती है। इसके अलावा गोवध का भी कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना मिलती है। इसके अलावा बकरीद में प्रतिबंधित मवेशियों को इकट्ठा करते हुए इसकी वध की तैयारी की जाती है जिसे भी मुक्त कराने के लेकर उक्त ज्ञापन में बात कही गई। विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा की शुक्रवार को 10 पिकअप कोलेबिरा में प्रतिबंधित मवेशी पकड़े जाना इस बात का सबूत है कि क्षेत्र में धड़ल्ले से पशु तस्करी का कार्य चल रहा है।

## बिनीत महतो ने नीट की परीक्षा मे 661 नंबर लाये



**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। सेंट मेरीज मे कार्यरत शिक्षक उद्धव महतो के पुत्र बिनीत महतो ने नीट की परीक्षा मे 661 अंक ला कर जिले का नाम रोशन किया हैं। आपको विदित हों की विनीत महतो ने उसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की जहाँ पिताजी पढ़ाया करते है। विनीत महतो, उद्धव महतो के पुत्र सगडी गांव के चौकाहातु सोनाहातू रांची खरवार परिवार से है। परन्तु पिता सिमडेगा मे कार्यरत है ।विनीत की प्रारंभिक शिक्षा डी ए वी पब्लिक से संपन्न हुई। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए सेंट मेरीज इंटर कॉलेज मे दाखिला लिया जहाँ उनकी पिता शिक्षक के रूप मे कार्यरत है। नीट की तैयारी के लिए उन्हे कोटा जाना पड़ा। दो वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद सफलता प्राप्त हुई ।नीट की परीक्षा मे अच्छे अंक प्राप्त कर बिनीत ने सिमडेगा के अन्य बच्चे जो डॉक्टर बनने का सपना देखते है उनके लिए एक मिशाल कायम की। उन्होंने बताया की तैयारी के दौर मे मुख्य रूप से शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## कुंदुरमुण्डा गांव में अच्छी बारिश की कामना को लेकर किया पूजा-अर्चना



**बोलबा।** बोलबा प्रखड के कुंदुरमुण्डा गांव में अच्छी बारिश की कामना को लेकर गाँव मे किया गया पूजा अर्चना एवं पीपल पेड़ पर किया गया जलाभिषेक इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखण्ड के कुंदुरमुण्डा गाँव मे पहान नन्दकिशोर उराँव एवं ग्राम सभा अध्यक्ष देवेन्द भगत की अगुवाई में अच्छी बारिश की कामना को लेकर ग्रामीणों ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद पीपल पेड़ पर जलाभिषेक किया गया। साथ गांव में अनहोनी भयंकर बीमारी से बचाने, गांव में सुख शांति बहाल करने की कामना की गई । इस मौके पर देबेन्द्र भगत, नंद किशोर उरांव एवं अन्य ग्रामीणों के साथ भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

# प्रेरणा शाखा ने गौ आहार के तहत खिलाया खीरा, रोटी-गुड़

### गौ सेवा ही परम सेवा : सारिका



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रेरणा शाखा ने गौ आहार के तहत श्री कोडरमा गौशाला परिसर मे बेजुबान मवेशियों को खीरा, रोटी और गुड़ खिलाया। इस अवसर पर गर्मी छुटी मे प्रेरणा शाखा की आधी आवादी के साथ उनके बच्चें भी गौ आहार देकर आनंदित हुए। इसमें रिद्धि गोयल,निहित संघई, वैदिक चौधरी, सारांश लड्ढा, केशु गोयल आदि ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है। और गौशाला को देखकर मन मोहित हुआ है। वहीं प्रेरणा शाखा की सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि गौ आहार कार्यक्रम आयोजित कर काफी सकून मिलता है। उन्होंने कहा कि बेजुवान पशुओं को सामग्री खिला कर पुण्य कमाया जा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि शहर मे मवेशीओं के लिए पीने का पानी की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर उप सचिव मीना हिसारिया,प्रगति चौधरी,निशा संघई,अंकिता गोयल,आंचल लड्डा मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर शाखा अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि शाखा के द्वारा विश्व पर्यावरण माह को लेकर पांच सौ पौधे शाखा द्वारा लगाने और वितरण करने का लक्ष्य है। जिसमे तीन सौ पौधे लगाने और वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। वही शाखा के द्वारा इस माह योग दिवस,आनंद सबके लिए के तहत नेकी की दीवार एवं सदस्यों के शादी की सालगिरह जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### झुमरी तिलैया में ताली कीर्तन और श्याम अखंड ज्योत पाठ का आयोजन

# आस्था व भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे श्रद्धालु





**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया। श्री श्याम मंदिर पानी टंकी रोड में श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक शृंगार किया गया। श्याम अखंड ज्योति पाठ 2 घंटे तक चला ।इसमें अखंड ज्योत की अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया से गूंजता रहा। इस अखंड ज्योति पाठ में पिंकी खेतान, ममता नरेड़ी वीणा केडिया, सुमन सर्राफ, इटखोरी की सुनीता शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुई। यह आयोजन श्याम महिला समिति के तत्वधान में आयोजित किया गया । इसके बाद श्याम प्रेमियों के द्वारा ताली कीर्तन का आयोजन हुआ। इसमें गायक हिमांशु केडिया पलके ही पलके बिछाएंगे जिस दिन से हम प्यारे घर आएंगे-- मनोज पिलानिया ने देना है तो दीजिए जन्म जन्म का साथ--संजय नरेड़ी ने दीनानाथ मेरी बात, छानी कोनी तेरे से-- मनोज लड्ढा ने हारे का सहारा, श्याम बाबा हमारा--संजु पिलानिया ने श्याम बाबा तेरे पास आया हूं--जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। वही मंदिर कमिटी सज्जन खेतान एवं महिला समिति की कृतिका मोदी ने बताया कि 29 जून को झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार के साथ श्याम भक्त निशान लेकर नगर भ्रमण के उपरांत श्याम मंदिर पहुंचकर ध्वजा अर्पित करेंगे। 30 जून को बारस की ज्योत के साथ चूरमा और खीर का भोग लगाया जाएगा। भजन कार्यक्रम मे संतोष लड्ढा, विष्णु चौधरी, महावीर खेतान, अरुण वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

### बच्चा भटक कर चला गया था शेखपुरा, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

# दो माह से लापता किशोर बिहार से सकुशल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पुलिस टीम ने दो माह से लापता नाबालिग रमेश सिंह (14) पिता रामलाल सिंह को सकुशल बिहार से बरामद कर उसके परिजनों को सौंपा।

इस संबंध में शुक्रवार को छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीलू लोहरा ने बताया कि बीती 14 अप्रैल को चुंगरू पंचायत के गुआ ग्राम के रमेश सिंह एवं प्रेम सिंह (13) अपने घर के किसी सदस्य को बिना बताए हुए बरवाडीह थाना क्षेत्र के उकामद पंचायत के मुरु ग्राम अपने फूफा प्रभु सिंह के घर चला गया था। यहां पर तीन-चार दिन रहने के बाद रमेश सिंह यहां से गायब हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि इसके बाद रमेश सिंह के पिता एवं अन्य परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन दो माह गुजर जाने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तब उसके पिता राम लाल सिंह ने 9 जून को अपने नाबालिग पुत्र रमेश सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट छिपादोहर थाने में दर्ज कराई। मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए लातेहार पुलिस कप्तान के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहारा के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। इसके बाद मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता नाबालिग रमेश सिंह को ग्राम कच्छैणा थाना अमहेरा जिला शेखपुरा (बिहार) से बरामद किया गया। वह वहां भटक कर पहुंच गया था। रमेश सिंह को सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। टीम में एसडीपीओ के अलावा सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार शामिल रहे।




# आंगनबाडी केंद्र में मिलीं कई खामियां

### बाल विकास परियोजना स्वास्थ्य सलाहकार की टीम ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत सिंदुवारी आंगनबाडी केंद्र में घोर अनियमितता उजागर हुई है। शुक्रवार को जिले से आई बाल विकास परियोजना स्वास्थ्य सलाहकार की टीम द्वारा केंद की जांच की गई। पूर्व से चयनित कुपोषित बच्चों के उम्र, वजन व लंबाई मापने को लेकर पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. दिपक कुमार एवं डाइटिश्यन प्रियंका नायक सिंदुवारी आंगनबाडी केंद्र पहुंचे और केंद्र में बच्चों को मिलने वाला पोषाहार व किचन का जायजा लिया। इस दौरान पोषाहार बनने वाले बर्तन को गंदगी भरा पाया गया। जिस पर सेविका व सहायिका को फटकार लगाते हुए सुधार का निर्देश दिया गया। इतना ही नहीं, पोषाहार वितरण रजिस्टर जांच करने पर विभाग द्वारा बगैर पोषाहार उपलब्ध कराए ही जुलाई माह का पोषाहार वितरण सेविका द्वारा कर दिया गया है, जबकि जून माह में 64 लाभर्थियों के बीच पोषाहार वितरण करना था, जिसमें मात्र 12 लाभर्थियों के बीच वितरण रजिस्टर में दर्ज पाया गया। पूछे जाने पर सेविका द्वारा गलती से रजिस्टर में दर्ज होने की बात कही। साथ ही बच्चे जिस कमरे में पढाई करते हैं उस कमरे में कई दिनों से किया गया शौच सूखा पड़ा हुआ था। इसपर सेविका द्वारा बताया गया कि आंगनबाडी केंद्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण परियोजना भवन में पढाई करवा रहे हैं, जहां केंद्र बंद होने के बाद गंदगी फैला दी जाती है।



## NEWS इन ब्रीफ

### विद्युत चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी

**बरवाडीह।** विद्युत विभाग ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई पंचायत के मोरवाई गांव में विभाग के सहायक अभियंता विकास कुमार महतो के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाने का काम किया गया, जिसमें 5 लोग अपने घरों में बिना कनेक्शन के मेन लाइन से टोका लगाकर बिजली का इस्तेमाल करते पाए गए। इस पर कार्रवाई करते हुए कनीय अभियंता और उनकी टीम ने बिजली के तार को जब्त करने के साथ अवैध तरीके से बिजली जलाने वाले दिनेश राम, लक्ष्मण राम, अक्षय कुमार, लीलू सिंह और मदन सिंह के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने के अलावा सभी पर 4- 4 हजार रुपये जुर्माना भी किया गया है।

### हिंदू संगठन की बैठक

**लातेहार।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक जगतारनपुर जालिम में नीरज सिंह की अध्यक्षता में की गई। इसका संचालन सरजु प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनय कांत और जिला उपाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह उपस्थित रहे। बैठक में हरिप्रसाद संतोष सिंह, रामपति सिंह, सुमन सिंह, रंजन सिंह, सूरज कुमार, बजरंगी कुमार, मिथुन कुमार, गोपाल सिंह, सुरेश्वर सिंह, नंदकिशोर गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### सकारात्मकता के साथ खुशहाल जिंदगी जीने का दिया संदेश

**महुआडांड़।** खुशी रथ का कारवां महुआडांड़ पहुंचा। यहां महुआडांड़ साप्ताहिक हाट में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे विजय सिंह ने माता पिता, बच्चों में संस्कार, मोबाइल से कटती जिंदगी सहित अपने जीवन में गुजरे खुशी के पलों को साझा किया। खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि आज के इस भागम भाग युग में अगर जिंदगी को कोई खुशहाली की ओर मोड़ सकता है वो है सकरात्मकता।

### सीओ के समझाने के बाद माने ग्रामीण

# महिला का शव दफनाए जाने के बाद हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
घाघरा के चपका निवासी कमल लोहरा ने पत्नी सालो देवी की मौत के बाद उसे 15 जून को बसारटोली नदी किनारे शव को दफना दिया। शव दफनाए जाने के विरोध में 16 जून को पोढा एवं बसारटोली के ग्रामीण एवं प्रशासन के बीच पूर्वाह्न तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। ग्रामीणों का कहना था कि अन्यत्र गांव के शव को उनके गांव के स्थान में क्यों दफनाया गया? बता दें कि कमल ने तीन वर्ष पूर्व अपना धर्म छोड़ ईसाई धर्म अपना लिया है और बसारटोली कब्रिस्तान में दफनाए जाने को लेकर ग्रामीण विरोध कर 16 जून को मृतका के पति कमल को बसारटोली गांव बुलाया और कमल द्वारा उक्त जगह पर दफनाये जाने की वजह पूछी।

कमल ने बताया कि ईसाई धर्मावलंबियों ने इसी जगह पर शव दफनाने की बात कही थी। इस पर ग्रामीण भड़क गए और दफनाए गए शव को निकाल अन्यत्र ले जाने की बात कही। जानकारी होने पर मामले की गंभीरता को लेकर पुलिस प्रशाशन गांव पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे मानने को कतई तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस द्वारा अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज को सूचित किया गया। मौके पर सीओ ऋतुराज काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझाने में सफल रहे और आगे से ग्राम प्रधान, मुखिया और पहान पुजार की अनुमति के बगैर ऐसा कार्य न करने की बात कही।



# धड़ल्ले से किया जा रहा बालू का अवैध उत्खनन, भंडारण व उठाव

### बालू माफिया मालामाल, प्रशासन की चुप्पी और आम अवाम परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**
सरकार द्वारा सभी बालू घाटों को बंद किए जाने के बाद भी विशुनपुरा प्रखंड के दर व जोगिराल नदी से अवैध बालू भंडारण कर प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स इसको रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं बालू माफिया रातों-रात बालू बेच कर मालामाल हो रहे हैं। बालू माफिया के इस अवैध कृत्य से बाकी नदी नाले में तब्दील हो गई है। नदी में कई जगहों पर कुआं बन गया है, जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है।

माफियाओं ने नदी से बालू उत्खन्न कर भारी मात्रा में बालू का भंडारण किया है, जिसको खपाने में लगे हुए हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी निधी रजवार ने बताया कि जांच की जा रही है। अवैध पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि प्रत्येक दिन अवैध रूप से बालू का उठाव बाकी नदी के सेफ जोन माने जाने वाले पतिहारी दर व जोगिराल खुर्द नदी के घाटों से किया जा रहा है। बाकी नदी से अवैध बालू का उठाव कर बंशीधर नगर व रमना में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है। बालू माफियाओं को दूसरे थाना क्षेत्रों में बालू बिक्री किए जाने पर प्रति ट्रैक्टर 4 हजार रुपये की मोटी कमाई होती है। इस कारण स्थानीय लाभुकों को बालू नहीं मिलने के कारण आवास अधूरा पड़ा हुआ है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण बालू माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ गया है।

सबसे बड़ी बात यह है कि दिन में नदी में बालू का ढेरी कराया जाता है और जैसे ही अंधेरा होता है नदियों में बालू उठाव के लिए ट्रैक्टर लग जाते हैं और सुबह तक अवैध बालू का उठाव करते रहते हैं। वहीं बालू माफियाओं की काली कमाई करने में मनोबल इतना बढ़ गया है कि दर एवं जोगिराल बाकी नदी के छठ, समसान घाटों से बालू का अवैध उत्खन्न बड़े पैमाने पर कर लिया गया है। वहीं बालू माफिया काली कमाई के चक्कर में नाबालिक लड़के से नदी में बालू का भंडारण करवा रहे हैं।

मालूम हो कि अवैध रूप से बालू उत्खन्न पर रोक लगाने को लेकर जिले के उपायुक्त द्वारा एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया है। इस टीम में एसडीओ, सीओ एवम थाना प्रभारी को रखा गया है। बताया जाता है कि बालू माफियाओं की ऊंची पहुच होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती है। बालू माफियाओं का बड़ा नेटवर्क बना हुआ है जो प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क में चौक चौराहों पर बात करते या खाते पीते नजर आते हैं।

मालूम हो कि पूर्व में बालू उठाव को लेकर उत्पन्न विवाद में जतपुरा बालू घाट पर चार व्यक्तियों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।



# एक एकड़ में लगी आम बागवानी में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया गांव निवासी बालो राणा के एक एकड़ जमीन में लगी आम बागवानी को अज्ञात लोगों ने आग लगा कर नष्ट कर दिया। इस अगलगी में आम बगवानी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है। पीड़ित किसान ने बताया कि बागवानी में लगे आम के पौधे.तैयार हो चुके थे और आम फले भी थे। इस अगलगी में लगभग ढाई लाख का नुकसान हो गया। इस बाबत पीड़ित किसान राणा ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि तिलैया गांव में अपनी जमीन में निजी खर्चे से 95 आम के फलदार पौधे लगाए थे। आम का पौधा फला हुआ था। शुक्रवार को करीब 8 बजे सुबह किसी ने जानकारी दी कि आम बागवानी में आग लगा दी गई है। बागवानी के पास पहुंचे तबतक काफी देर हो चुकी थी। सभी आम जलकर नष्ट हो गए थे।



### बीईओ ने स्कूल संचालक से मांगा स्पष्टीकरण

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत जर्री ग्राम के पास संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल जर्री को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने ग्रीष्मवकाश के दौरान विद्यालय संचालित करने के आरोप में स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि भीषण ग्रर्मी में उक्त स्कूल के संचालक प्रवीण कुमार व उनके सहयोगी शिक्षक द्वारा जीरो से सप्तम वर्ग के बच्चे व बच्चियों का कक्षा संचालित हो रहा था। इस पर विद्यालय संचालन करने से संबंधित अनुमति पत्र, विद्यालय से संबंधित सभी छात्र /शिक्षक विवरणी/ ई विद्या वाहिनी प्रतिवेदन/ यू डाइस प्रपत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने को आदेशित किया गया है।

# नशे के कारोबारियों पर फिर चला पुलिसिया डंडा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
नशे के कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 30 पेटी नकली अंग्रेजी शराब लदे ऑल्टो कार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के रौशना मोड़ से होकर शराब का खेप जाने वाला है। सूचना का सत्यापित करते हुए राजपुर थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर रौशना मोड़ से जोलडिहा जाने वाली सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में गुजर रहे एक सफेद रंग के ऑल्टो रुकने का इशारा किया गया परंतु वह भागने लगा। तभी पुलिस की टीम ने पीछा कर पकड़ा और तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखे गए 30 पेटी में रखे गए 716 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस दौरान शराब तस्कर बहादुर कुमार गिद्धौर थाना क्षेत्र के सिंदवारी गांव निवासी को गिरफ्तार किया गया।



## संक्षिप्त

### जंगली हाथियों ने दो कच्चे घरों को किया ध्वस्त

**बारियातु।** प्रखंड के फुलसु पंचायत अंतर्गत बारिबाद ग्राम में गुरुवार की रात्रि जंगली हाथीयों ने जम कर उत्पात मचाया और दो गरीब किसानों के मकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए भूमि पर लगी मक्का का फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे दोनों किसानों के लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान बालकेश्वर यादव व ठाकुर दयाल यादव ने बताया की हम सभी परिवार घर में सो रहे थे कि देर रात हाथियों के हमले नींद खुली। इसके बाद घर से दूर भाग कर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। गरीब किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि घर ध्वस्त होने की सूचना रात में ही वन पाल मंगल सिंह को दी गई। इसके बाद वन पाल सिंह बारिबाद ग्राम पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से कई घंटों के प्रयास के बाद हाथियों को गांव से खदेड़ा गया। वहीं शुक्रवार की सुबह उप प्रमुख सह फुलसु पंचायत के पंसस निशा शाहदेव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव दोनों पीडितों के घर पहुंचे और हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किये गए घरों व फसलों का जायजा लिया।



### 12 दिन बाद भी खराब ट्रांसफॉर्मर नहीं बना

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत बेलहर के रजवारी में लगा ट्रांसफॉर्मर 12 दिन पूर्व जल गया है। इसकी सूचना विभाग को दे दी गई है, इसके बाबजूद अबतक जले ट्रांसफॉर्मर को दुरुस्त कर गांव में विद्युत की आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी बहुत ज्यादा है और पानी की भी बहुत ज्यादा समस्या है। कुएं सूख चुके हैं और बिजली के अभाव में बोरिंग से पानी नहीं निकल पा रहा है। दस दिन पहले ही विभाग को सूचना दे दी गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया है। वर्तमान विधायक और सांसद को भी सूचना दिया गया पर गांव में बिजली आपूर्ति के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। उपभोक्ता पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार दांगी, राजदेव दांगी, चंदन कुमार, बिनोद कुमार, राजू सिंह, भवानी यादव, सनोज कुमार, पंकज कुमार, प्रकाश दांगी, लालदेव दांगी आदि उपभोक्ताओं ने कहा कि विभाग जल्द ट्रांसफॉर्मर दुरुस्त कर बिजली की आपूर्ति प्रारंभ कराए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।



# पंसस ने शहर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
चंदवा मुख्य शहर में सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रीट लाइट नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले आसमान पर है। चालक अपने चार पहिया व दो पहिया वाहन काफी तेज गति से चलाते हैं। शहर में बेखौफ होकर दुर्घटना कर ग्रामीणों की जान लेकर अपराधी और असमाजिक तत्व बच जा रहे हैं। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की पहचान नहीं हो पाती है।

शहर में जब घटना घटती है तो लोगों के मुंह से पहला शब्द निकलता है कि सीसीटीवी कैमरा चेक करके देखिए अपराधी पहचान में आ जाएगा। लोग पुलिस से भी आग्रह करने लगते हैं कि सर सीसीटीवी कैमरा चेक कीजिए, अपराधी को जल्द पकड़िए, इसके बाद घटनास्थल के आस पास दुकानों में दुकानदारों द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा को पुलिस खंगालने लगती है। कुछ दुकानों के सीसीटीवी कैमरे में अपराधी दिखाई ही नहीं देते हैं, कहीं साफ नहीं दिखता है। कहीं अंधेरा है कुछ दिखाई नहीं देता, शहर में घटना को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पहचान करने में पुलिस को भी काफी परेशानी होती है, जिसके साथ घटना हुई उसे भी न्याय नहीं मिल पाता है। अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से असुरक्षा का माहौल उत्पन्न होने लगा है।सीसीटीवी कैमरा होने से शहर और चौंक चौराहों पर अपराधिक घटनाओं पर लगाम लग सकती है।



### सफलता — लोगों ने मोहम्मद व ओवैस को दी बधाई

# बालूमाथ के छात्रों ने पास की नीट

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
देश भर के कॉलेज में नामांकन के लिए एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) 2023 में बालूमाथ के दो छात्रों ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। गालिब कोलोनी निवासी हाजी जैनुल आबेदीन के पुत्र मोहम्मद ने 622 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 17391 व ओबीसी कैटेगरी में 7263 रैंक हासिल किया है। मोहम्मद का परसेंटाइल 99.1394568 रहा है। मोहम्मद ने 10वीं की परीक्षा सीबीएससी बोर्ड से हजारीबाग के महाराजगंज स्थित मूनअम पब्लिक स्कूल से पास की है। आईएससी जैक बोर्ड के माध्यम से +2 इंटर कॉलेज बालूमाथ से पास किया है। नीट की तैयारी रांची स्थित बायोम से किया है। मोहम्मद ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों के साथ अपने शिक्षकों विशेष रूप से माधव बास्कोटा को दिया है। वहीं गालिब कॉलोनी के ही हाजी उमर अली के पुत्र ओवैस उमर ने इसी परीक्षा में 617 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 19555 व ओबीसी कैटेगरी में 8233 रैंक हासिल किया है। ओवैस उमर का परसेंटाइल 99.0238870 रहा। ओवैस उमर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों के साथ अपने शिक्षकों को दिया है। ओवैस उमर ने 10वीं की परीक्षा सीबीएससी बोर्ड से गया के शेरघाटी स्थित गुरुकुल इंदिरा एन एल स्कूल से पास की है। बारहवीं की परीक्षा रहमानी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बेलन बाजार मुंगेर से पास की है। नीट की तैयारी पटना स्थित रहमानी 30 से की है। जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। धार्मिक विद्वान कारी मोहम्मद अली, कुडु के अंचल अधिकारी सह बालूमाथ निवासी प्रवीन सिंह, डॉ एम ई हक, समाजसेवी जुनैद अनवर, शाहनवाज आलम, फिरदौस आलम, दानियाल नवाज, सोदैस नवाज, समाइरा नवाज, हाजी तौकीर अहमद, समाजसेवी अजित कुमार, मुखिया नरेश लोहरा, झामुमो युवा नेता मो इमरान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, मो अली जौहर, अबिद अली, जमील अख्तर, तनवीर आलम, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, शबनम कमाल, नौशाद अख्तर, नदीम अख्तर मो हाशिम, अशफाक मुजाहिद, अमरेंद्र कुमार, पलाश चटर्जी, राजिंदर सिंह ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने की कामना की है।





# कठोर कार्रवाई की जरूरत

*झारखंड* में मतांतरण के खिलाफ कानून होने के बाद भी अंकुश नहीं लग रहा है। तरह-तरह का प्रलोभन देकर भोले भाले लोगों को मतांतरण के लिए तैयार किया जा रहा है। खासकर आदिवासी व दलित लोगों की बीच गिरोह का आतंक है। राज्य के खूंटी,सिमडेगा,गुमला समेत कई जिले में ईसाइयों की आबादी बढ़ रही है। दबाव का यह काम बदस्तूर जारी है। पिछले दिनों गढ़वा में धमार्नातरंण कराने आये दो दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा है। थाना झेत्र के टंडवा वार्ड 18 में मकान में चल रहे एक ईसाई धर्म परिवर्तन केंद्र का खुलासा होने के बाद शहर में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पिछले काफी दिनों ने एक किराये में पति-पत्नी के साथ रहकर लोगों को इसाई धर्म में मिलने वाले सुविधा और धर्म परिवर्तन की सलाह दे रहे हैदराबाद के दो दर्जन लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं मकान से भारी संख्या में ईसाई धर्म के प्रचार से संबंधित किताबें, प्रचार की अन्य सामग्रियां बरामद की गयी हैं। अंधविश्वास की आड़ में कराये जा रहे धर्म परिवर्तन के इस खेल की जानकारी कुछ स्थानीय लोगों को मिली तो उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस इस सिलसिले में धर्म परिवर्तन का कार्य करने वाले मुख्य संचालक मुंगेर के मुफसील थाना क्षेत्र के नेयागदही गांव निवासी आशुतोष आनंद और उसकी पत्नी और बच्चों से पूछताछ जारी है। ऐसे में इस बीमारी पर अविलंब रोक लगाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा,जब लोग जागरूक होगें। इसके लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। प्रलोभन का यह जाल कई वर्षों से जारी है। ऐसे मामलों पर पुलिस को सख्त कदम उठाने चाहिए। लेकिन यह देखा जाता है कि ऐसा नहीं होता है। जबरन धर्म परिवर्तन का धंधा कराने वाले लोगों का एक गिरोह आज भी छुपा हुआ है। समय आने पर ऐसे लोग प्रगट होते हैं। उनका निशाना कमजोर वर्ग के लोग होते हैं। जिन्हें यह आसानी से अपने मायाजाल में फंसा लेते हैं। मतांतरण से जनजातीय संस्कृति खतरे में आ गयी है। ऐसे लोग जो जबरन यह खेल खेल रहे हैं,उन्हें कानून का डर नहीं होता है। गढ़वा में पकड़ा गया सरगना आशुतोष आनंद को ईसाई धर्म का प्रचार करने के संदेह होने पर उस मकान में जांच की गई तो एक दो दर्जन महिला और पुरुष मिले। सभी हैदराबाद के अलग-अलग गांव के थे। वहीं गढ़वा थाना क्षेत्र के कितासुती गांव के अजय राम भी शमिल थे। वहीं आंध्रप्रदेश के अलग-अलग गांव से गढ़वा में रहकर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे राममोहन राव, रवि राज, प्रेम कुमार, प्रवीण कुमार, के नागेश, प्रमदय, बंसत कुमार, जी गणेश, बी राज, के राजेश, सामिल्स, बिहार के मुंगेर जिला के मुफसील के नैयागडही गांव निवासी आशुतोष आनंद की पत्नी प्रिया भारती, नबाबगढ़ी के रंजीत आंनद की पत्नी, मुन्नी देवी, दीपक आंनद की पत्नी तनु कुमारी, आलिया कुमारी, सालनी कुमारी, इश्वर आनंद, सृष्टि राज शामिल थी। बिहार के मुगेर जिले के मुफसिल के नैयागढ़ही गांव निवासी आशुतोष आंनद तीन साल से गढ़वा के टड़वा में अलग-अलग जगहों पर रहकर ईसाई धर्म का प्रचार करता है और ईसाई धर्म परिवर्तन करने के बाद मिलने वाले लाभ की जानकारी देता है। बीच- बीच में आशुतोष आनंद अलग-अलग जगहों से लोगों को बुलाकर अलग-अलग गांव में जाकर ईसाई धर्म का प्रचार करवाता था। मंगलवार की रात को भी आंध्रप्रदेश के हैदराबाद के अलग- अलग इलाके के लोगों को बुलाकर सोनपुरवा स्थित पुरुष आश्रय गृह में रखा गया था, जहां खाने पीने की व्यवस्था थी।

**पिछले दिनों गढ़वा में धमार्नातरंण कराने आये दो दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा है। थाना झेत्र के टंडवा वार्ड 18 में मकान में चल रहे एक ईसाई धर्म परिवर्तन केंद्र का खुलासा होने के बाद शहर में सनसनी फैल गई।**

# उपजाऊ भूमि का मरुस्थल में बदलना गंभीर संकट





ललित गर्ग

*विश्व* मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस (डब्ल्यूडीसीडी) वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को मनाया जाने वाला ऐसा दिवस है जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करना और इसके लिये जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। इसके लिए कृषि में शुष्क कृषि प्रणालियों को प्रयोग में लाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मरुभूमि की लवणता व क्षारीयता को कम करने में वैज्ञानिक उपाय को महत्व दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतः उत्पन्न होने वाली अनियोजित वनस्पति के कटाई को नियंत्रित करने के साथ ही पशु चरागाहों पर उचित मानवीय नियंत्रण स्थापित करना चाहिए। यह दिवस वैश्विक स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने का ऐसा प्रयास है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की अपेक्षा की जाती है। इसका उद्देश्य भूमि की गुणवत्ता खराब होने से बचाना। राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आने एवं भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंकाओं को देखते हुए इस दिवस की उपयोगिता एवं सार्थकता है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। सरकार द्वारा मरुस्थलीकरण समस्या के समाधान के लिए भूमि और पारिस्थितिकी प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार के जरिये टिकाऊ ग्रामीण आजीविका सुरक्षा हासिल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने आजीविका स्तर सुधारने के लिए भूमि, जल और जैव विविधता का संरक्षण और प्रबंधन किया। सरकार के इन्हीं प्रयासों के तहत अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) ने 19 अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर देश का पहला एटलस बनाया है तथा

**वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की।**

**इन दिनों**

दूरसंवेदी उपग्रहों के जरिये जमीन की निगरानी की जा रही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं। इस समस्या का तत्काल समाधान आज वक्त की माँग हो गई है। चूँकि इस समाधान से जहाँ भूमि संरक्षण और उसकी गुणवत्ता बहाल होगी, वहीं विस्थापन में कमी आयेगी, खाद्य सुरक्षा सुधरेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से निजात मिल सकेगा। इस संदर्भ में देखा जाय तो संयुक्त राष्ट्र संघ व भारत सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन फिर भी उपलब्धियाँ नाकाफी रही हैं। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी 'स्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019' की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है। इस आपदा से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन को रोकना ही काफी नहीं है। इसके लिए खेती में बदलाव करने होंगे, शाकाहार को बढ़ावा देना होगा और जमीन का इस्तेमाल सोच-समझकर करना होगा। ऊपजाऊ भूमि भी रेगिस्तान में तब्दील हो रही है। तकनीकी तौर पर मरुस्थल उस इलाके को कहते हैं, जहां पेड़ नहीं सिर्फ झाड़ियां उगती हैं। जिन इलाकों में यह भू-जल के खात्मे के चलते हो रहा है, वहां इसे मरुस्थलीकरण का नाम दिया गया है। लेकिन शहरों का दायरा बढ़ने के साथ सड़क, पुल, कारखानों और रेलवे लाइनों के निर्माण से खेतिहर जमीन का खात्मा और बची जमीन की उर्वरा शक्ति कम होना भू-क्षरण का दूसरा रूप है, जिस पर कोई बात ही नहीं होती। लेकिन मोदी की पहल से इस पर बात ही नहीं हो रही, बल्कि इस समस्या से निजात पाने की दिशा में सार्थक कदम भी उठाये जा रहे हैं। रेगिस्तान या मरुस्थल एक बंजर, शुष्क क्षेत्र है, जहाँ वनस्पति नहीं के बराबर होती है, यहाँ केवल वही पौधे पनप सकते हैं, जिनमें जल संचय करने की अथवा धरती के बहुत नीचे से जल प्राप्त करने की अदभुत क्षमता हो।

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

**राजा ने अपनी रानी से कहा:** हम निरवंशी हैं। हमारा मुंह देखने का धर्म नहीं है और कुछ भोजन आदि नहीं किया। **रानी बोली:** हे प्रभो! बृहस्पतिदेव ने हमें सब कुछ दिया है, वह हमें औलाद अवश्य देंगे। उसी रात को बृहस्पतिदेव ने राजा से स्वप्न में कहाः हे राजा उठ। सभी सोच त्याग दे, तेरी रानी गर्भ से है। राजा की यह बात सुनकर बड़ी खुशी हुई। नवें महीने में उसके गर्भ से एक सुन्दर पुत्र पैदा हुआ। तब राजा बोलाः हे रानी! स्त्री बिना भोजन के रह सकती है, पर बिना कहे नहीं रह सकती। जब मेरी बहिन आवे तुम उससे कुछ कहना मत। रानी ने सुनकर हाँ कर दिया। जब राजा की बहिन ने यह शुभ समाचार सुना तो वह बहुत खुश हुई तथा बधाई लेकर अपने भाई के यहाँ आई, तभी **रानी ने कहा:** घोड़ा चढ़कर तो नहीं आई, गधा चढ़ी आई। **राजा की बहन बोली:** भाभी मैं इस प्रकार न कहती तो तुम्हें औलाद कैसे मिलती। बृहस्पतिदेव ऐसे ही हैं, जैसी जिसके मन में कामनाएँ हैं, सभी को पूर्ण करते हैं, जो सदभावनापूर्वक बृहस्पतिवार का व्रत करता है एवं कथा पढता है, अथवा सुनता है, दूसरो को सुनाता है, बृहस्पतिदेव उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

*(समाप्त)*

### *आईये सुने नारद मुनि की कथा*

नारद मुनि भगवान विष्णु के परम भक्त थे। कहते हैं कि नारद मुनि का जन्म एक श्राप से हुआ था। वे ब्रह्मा के मानस पुत्र थे। नारद मुनि का जन्म कैसे हुआ था और वे देवर्षि कैसे बने? पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इंद्रलोक में उपबहर्ण नाम के गंधर्व हुआ करते थे। उपबर्हण को स्त्रियों के साथ समय बिताना पसंद था। स्वर्ग में वह अप्सराओं के साथ ही क्रीड़ा करते थे। एक बार गंधर्व और अप्सराएं जगदगुरु ब्रह्मा की आराधना कर रहे थे। तभी उपबहर्ण अप्सराओं के साथ क्रीड़ा करने लगे। इससे ब्रह्माजी क्रोधित हो गये और उन्हें शूद्र योनि में जन्म लेने का श्राप दे दिया।

*(क्रमशः)*

# सार्थक रही राष्ट्रपति की सर्बिया यात्रा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

*राष्ट्रपति* द्रौपदी मुर्मू की सर्बिया यात्रा सार्थक रही। इससे दोनों देशों के सम्बन्ध सुदृढ़ हुए। आपसी साझेदारी का विकास हुआ। इसके अलावा द्रौपदी मुर्मू ने भारत के विकास और विश्व शांति के लिए उसके प्रयासों का प्रमुखता से उल्लेख किया। उनके इन विचारों की विश्व स्तर पर चर्चा हुई। इस प्रकार राष्ट्रपति की यात्रा द्विपक्षीय सम्बन्ध के साथ ही भारत के व्यापक हितों का संवर्धन करने वाली साबित हुई। सर्बिया की यात्रा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। सर्बिया उस यूगोस्लाविया का ही हिस्सा हुआ करता था, जिसके भारत के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध थे। भारत और यूगोस्लाविया गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक हैं। 1990 में यूगोस्लाविया का विघटन हुआ। उससे कई देश बने। इसमें क्रोएशिया, सर्बिया, मोंटेनेग्रो, मैसेडोनिया, बोस्निया हर्जेगोविना शामिल हैं। भारत के सर्बिया से अच्छे सम्बन्ध रहे हैं। साल 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और सर्बिया के बीच सूचना, प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर को मंजूरी प्रदान की थी। सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के निमंत्रण पर द्रौपदी मुर्मू सर्बिया यात्रा पर गईं थीं। उन्होंने बेलग्रेड में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय समुदाय के लोगों से संवाद किया। उन्होंने भारत के एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने और इसके द्वारा प्रदान किये जाने वाले असंख्य अवसरों का उल्लेख किया। भारत-सर्बिया संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत तेजी से और अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारत में नये बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है। देश के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। साढ़े तीन हजार अरब अमरीकी डालर के करीब सकल घरेलू उत्पाद के साथ यह आगे बढ़ रही है। भारत और सर्बिया के बीच सूचना, प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सहयोग बढ़ रहा है। दोनों देशों के अन्य सार्वजनिक और निजी संगठनों के बीच सक्रिय सहयोग के आदान प्रदान, संस्थाओं के क्षमता निर्माण के क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। सर्बिया के साथ भारत के संबंधों को विशेष रूप से गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संदर्भ में परिभाषित किया गया है। सर्बिया के कई खेल प्रशिक्षक भारतीय एथलीटों और खिलाड़ियों को अपना कौशल सुधारने में सहयोग कर रहे हैं। एलेक्जेंडर वुसिक ने क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रों की संप्रभुता पर सर्बिया के रुख को दोहराया। द्विपक्षीय चर्चाओं के दौरान राष्ट्रपति वुसिक के साथ उनकी सरकार के आठ मंत्री शामिल हुए। इस दौरान फिल्म निर्माण और छायांकन सहित रक्षा और सैन्य-तकनीक सहयोग, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, औद्योगिक सहयोग, सूचना प्रौद्योगिकी, एआई और सांस्कृतिक सहयोग सहित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। सर्बिया की प्रधानमंत्री एना ब्रनाबिक की भी द्रौपदी मुर्मू के साथ वार्ता हुई। दोनों ने व्यापार, आर्थिक, पर्यटन और संस्कृति में संभावित सहयोग पर विचार-विमर्श किया। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने भी संसदीय संवाद के क्रम को चलाने पर विचार-विमर्श किया। जाहिर है कि राष्ट्रपति की सर्बिया यात्रा उपयोगी रही। इससे पहले भारत के उपराष्ट्रपति ने 2018 में सर्बिया का दौरा किया था और इससे पहले सर्बिया के प्रधानमंत्री 2017 में भारत आये थे। पिछले कई दशकों के दौरान हमारी आर्थिक साझेदारी का विस्तार हुआ है और यह सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, बुनियादी ढांचे और फार्मास्यूटिकल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों तक भी पहुंचा है।


**सर्बिया की यात्रा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। सर्बिया उस यूगोस्लाविया का ही हिस्सा हुआ करता था, जिसके भारत के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध थे। भारत और यूगोस्लाविया गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक हैं।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# पढ़ने लिखने की उम्र में श्रम के तंदूर में झुलसता बचपन



सुशील पाण्डेय

*आखिर* कौन माता-पिता नहीं चाहता कि उसका बेटा भी पढ़-लिखकर सुसभ्य नागरिक और देश का निर्माता बने। यह तब है जब भारत में बाल श्रम के खिलाफ राष्ट्रीय कानून और नीतियां प्रभावी हैं। भारत का संविधान (26 जनवरी 1950) मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहता है-14 साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्टरी या खदान में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जायेगा और न ही किसी अन्य खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जायेगा (धारा 24)। राज्य अपनी नीतियां इस तरह निर्धारित करेंगे कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी क्षमता सुरक्षित रह सके और बच्चों की कम उम्र का शोषण न हो तथा वे अपनी उम्र व शक्ति के प्रतिकूल काम में आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रवेश करें (धारा 39-ई)। बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र व सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर तथा सुविधाएं दी जायेंगी और बचपन और जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जायेगा (धारा 39-एफ)। संविधान लागू होने के 10 साल के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे (धारा 45)। बाल श्रम एक ऐसा विषय है, जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, दोनों कानून बना सकती हैं। इस संबंध में संघीय सरकार ने कानून भी बनाये गये हैं। इनमें प्रमुख हैं-बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 13 पेशा और 57 प्रक्रियाओं में, जिन्हें बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए अहितकर माना गया है, नियोजन को निषिद्ध बनाता है। इन धंधों और प्रक्रिया का उल्लेख कानून की अनुसूची में है। दूसरा है-फैक्टरी कानून 1948। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है। 15 से 18 वर्ष तक के किशोर किसी फैक्टरी में तभी नियुक्त किये जा सकते हैं, जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यावधि तय की गई है और रात में उनके काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भारत में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप 1996 में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से आया, जिसमें संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं और पेशों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें काम से हटाने और उन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यह हुक्म भी दिया था कि एक बाल श्रम पुनर्वास सह कल्याण कोष की स्थापना की जाय। इसमें बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के अंशदान का उपयोग हो। बाल श्रम ऐसा दुश्चक्र है, जो बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलने देता। साल 2011 की जनगणना के के अनुसार,

**बच्चों को स्वस्थ तरीके से सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर दिए जायेंगे और बचपन और जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जायेगा (धारा 39-एफ)।**

**कुप्रथा**

भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ है। इसमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। दुनिया भर में 6.4 करोड़ लड़कियां और 8.8 करोड़ लड़के बाल मजदूर होने का अनुमान लगाया गया है। अगर इस अनुमान पर भरोसा किया जाय तो विश्व में प्रत्येक 10 बच्चों में से एक बच्चा बाल मजदूर है। हालांकि कुछ वर्षों से बाल श्रमिक दर में कुछ कमी आई है। बावजूद इसके बच्चों को कुछ कठिन कार्यों में अभी भी लगाया जा रहा है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का जुलाई में बांग्लादेश दौरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला क्रिकेट टीम जुलाई में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर तब खेला था जब वे फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से पांच रन से हार गई थीं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की महिला विंग की अध्यक्ष शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा, हां, हम जुलाई में भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एक सीरीज खेलेंगे और सभी मैच शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 11 वर्षों में यह पहली बार होगा जब शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम महिलाओं के



अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच सभी मैच डे-नाइट होंगे। आखिरी बार बांग्लादेश की महिला टीम ने इस स्थान पर 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। कहा गया है कि भारतीय टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए छह जुलाई को ढाका पहुंचेगी। 9, 11 और 13 जुलाई को टी20 मैच निर्धारित हैं, जबकि तीन वनडे मैच 16, 19 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। भारतीय टीम के सदस्यों ने हाल ही में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया, जिसमें पुरुषों के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और अकादमी प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने उनसे बातचीत की।

### आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर अभ्यास मैच

# वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने दर्ज की जीत

**एजेंसी। दुबई**
वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने आईसीसी पुरूष क्रिकेट वनडे विश्व कप 2023 क्वालीफायर से पहले अपने दोनों अभ्यास मैच जीत लिये हैं। नीदरलैंड ने भी पिछले मैच में आयरलैंड को हराया जबकि नेपाल ने ओमान पर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने रोवमैन पॉवेल के शतक की मदद से संयुक्त अरब अमीरात को 114 रन से हराया। एक समय पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 198 रन पर गिर गए थे। इसके बाद पॉवेल ने कीमो पॉल के साथ आठवें विकेट के लिये 139 रन जोड़े। पॉवेल 55 गेंद में 105



रन बनाकर आउट हुए और निकोलस पूरन ने भी 74 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 374 रन का स्कोर खड़ा किया। यूएई के लिये बासिल हमीद ने नाबाद 122 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज के लिये यानिक कारिया ने 58 रन देकर चार विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने दूसरे मैच में टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को बल्लेबाजी के लिये भेजा। ब्रेंडन मैकमुलेन अर्धशतक से एक रन से चूक गए और उनकी टीम 163 रन पर आउट हो गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### जोकोविच के ऐतिहासिक 23वें ग्रैंड स्लैम पर फेडरर




**नई दिल्ली।** टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर ने नोवाक जोकोविच को उनके ऐतिहासिक 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए बधाई देते हुए कहा कि सर्बियाई खिलाड़ी अभी भी कोर्ट पर युवा दिखते हैं और खिताब जीतना जारी रखेंगे। अपने शानदार करियर के बाद पिछले साल फेडरर टेनिस से रिटायर हुए। उन्होंने 20 ग्रैंड स्लैम जीते। लेकिन अब राफेल नडाल (22) और जोकोविच (23) उनसे आगे निकल गए हैं। जोकोविच ने पिछले साल विंबलडन में फेडरर के रिकॉर्ड को तोड़ा था। फिर उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम की बराबरी की। फ्रेंच ओपन में कैस्पर रूड को सीधे सेटों में हराकर वो अपना 23वां ग्रैंड स्लैम जीते।

### फुटबॉल में नस्लवाद के खिलाफ फीफा ने अपना रुख दोहराया

**जेनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने रियल मैड्रिड फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर से मुलाकात की और उनसे कहा कि फुटबॉल में भेदभाव की कोई जगह नहीं है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इन्फेंटिनो ने गुरुवार को ब्राजील की राष्ट्रीय टीम और ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स से भी मुलाकात की और फुटबॉल में नस्लवाद के खिलाफ एक टास्क फोर्स गठित करने पर चर्चा की। इन्फेंटिनो ने कहा कि ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय फारवर्ड विनीसियस जूनियर इसमें एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। 22 वर्षीय विनीसियस जूनियर, इस सीजन में कई नस्लवादी घटनाओं का शिकार हुए।

# एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय भारतीय ई-स्पोर्ट्स टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**
इस साल सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांग्जो एशियाई खेलों के ई-स्पोर्ट्स गेम में 15 सदस्यीय भारतीय टीम हिस्सा लेगी। एशियाई खेलों में पहली बार ई-स्पोर्ट्स के गेम खेले जाएंगे। सात आधिकारिक ईस्पोर्ट्स आयोजनों में से, भारतीय टीम चार, डोटा 2, फीफा ऑनलाइन 4, लीग ऑफ लीजेंड्स, और स्ट्रीट फाइटर वीः चैंपियन संस्करण, में हिस्सा लेगी। इसके अलावा, एरेना ऑफ वेलोर और पबजी मोबाइल एशियन गेम्स वर्जन सहित शेष दो ई-स्पोर्ट्स इवेंट भारत में प्रतिबंधित हैं, ड्रीम थ्री किंगडम्स 2 देश में उपलब्ध नहीं है। लोकेश सूजी, डायरेक्टर, ई-स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और वाइस प्रेसिडेंट, एशियन एस्पोर्ट्स फेडरेशन (एईएसएफ) ने कहा, भारतीय ई-स्पोर्ट्स के लिए जिन दिनों का सपना देखा करते थे, वे अब आखिरकार आ गए हैं। एशियाई खेलों में खिताबों की श्रृंखला न केवल ई-स्पोर्ट्स की विविधता को प्रदर्शित करेगी बल्कि



दर्शकों के लिए एक चौतरफा अनुभव प्रदान करने के लिए एथलीटों के कौशल, रणनीति और टीम वर्क के विभिन्न पहलुओं को भी प्रदर्शित करेगी। एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स का मुख्य स्थान प्रतिस्पर्धी गेमिंग के लिए एक नए युग की शुरूआत है और हम पूरे देश से इसे देखने का आग्रह करते हैं। हमारे प्रतिभाशाली एथलीट इस जीवन बदलने वाली चैंपियनशिप में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और अपने सपनों को हकीकत में बदलने जा रहे हैं।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

- फीफा ऑनलाइन 4 - चरणजोत सिंह और कर्मन सिंह टिक्का।
- स्ट्रीट फाइटर वीः चैंपियन एडिशन - मयंक प्रजापति और अयान बिस्वास।
- लीग ऑफ लीजेंड्स - अक्षज शेनॉय (कप्तान), समर्थ अरविंद त्रिवेदी, मिहिर रंजन, आदित्य सेल्वराज, आकाश शांडिल्य, और सानिध्य मलिक।
- डोटा 2 - दर्शन (कप्तान), कृष, अभिषेक, केतन और शुभम।

---------------

### मंजू रानी ने 35 किमी पैदल चाल जीती



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 35 किलोमीटर पैदल चाल जीती लेकिन एशियाई क्वालीफाइंग मार्क नहीं छू सकी। 24 वर्ष की रानी ने बेहद गर्मी और उमस के बीच तीन घंटे 21 मिनट और 31 सेकंड में रेस पूरी की। एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग मार्क 2 : 58 . 30 है। उसने फरवरी में रांची में भारतीय पैदल चाल चैम्पियनशिप में 2 : 58.30 का समय निकाला था। हरियाणा के जुनैद खान ने पुरूष वर्ग में तीन घंटे 37 सेकंड का समय निकालकर जीत दर्ज की लेकिन एशियाई खेलों का दो घंटे 35 मिनट का क्वालीफाइंग आंकड़ा नहीं छू सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी राम बाबू ने इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया। उन्होंने रांची में दो घंटे 31 मिनट 36 सेकंड का समय निकालकर खिताब जीता था।

## दिल्ली पुलिस पहलवानों के खिलाफ मामला वापस ले सकती है



**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस नये संसद भवन का प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के दौरान 28 मई को जंतर-मंतर के पास उपद्रव करने की आरोपी पहलवानों के खिलाफ दायर मामला वापस ले सकती है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, पुलिस पहलवानों के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को रद्द करने की सिफारिश करते हुए दो दिनों के भीतर एक रिपोर्ट पेश करेगी। पुलिस के अनुसार, धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा), 186 (लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यो के निर्वहन में बाधा डालना), 353 (सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 332 (स्वेच्छा से लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए चोट पहुंचाना), 352 (गंभीर उकसावे के अलावा हमला या आपराधिक बल), 147 (दंगा करना) और 149 (गैरकानूनी सभा का प्रत्येक सदस्य सामान्य वस्तु के अभियोजन में किए गए अपराध का दोषी) पहलवानों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 दर्ज की गई थी। जंतर मंतर पर 109 लोगों सहित दिल्लीभर में 700 लोगों को हिरासत में लिया गया था।

## श्रीकांत इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारे



**एजेंसी। जकार्ता**
भारत के किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां चीन के ली शी फेंग की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे और नौ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 14-21 21-14 12-21 से शिकस्त मिली। इस जीत के साथ ही फेंग ने श्रीकांत से मिली पिछली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो मुकाबलों में दोनों ने एक-एक जीत दर्ज की है। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज श्रीकांत और फेंग दोनों इस स्पर्धा में गैरवरीय है। श्रीकांत ने शुरूआती सेट में 2-0 की बढ़त कायम की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार कई गलतियां करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। चीन के खिलाड़ी ने पहले गेम में ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली। फेंग ने इसके बाद अपनी बढ़त जारी रखी और पहला गेम आसानी से अपने ना किया। दूसरे गेम की शुरूआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला दिखा लेकिन श्रीकांत जल्द ही अपने पुराना लय हासिल कर ब्रेक तक 11-6 की बढत बना ली। उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए यह गेम जीत लिया। वह हालांकि तीसरे गेम में इस लय को बरकरार नहीं रख सके और फेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली।

## एशेज के लिए ब्रॉन्ड के चयन में वार्नर फैक्टर : स्टोक्स



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड का डेविड वार्नर पर पहले के मैचों में हावी होना शुक्रवार से शुरू हो रहे एशेज मैच के लिए उनके चयन में एक प्रमुख कारक था। 2019 एशेज अभियान के दौरान, वॉर्नर हर तरह से ब्रॉड की गेंदों से परेशान थे। 10 पारियों में, वॉर्नर को ब्रॉड ने सात बार आउट किया, जिसके चलते सीरीज में उनका औसत 10 से कम रहा। यह पूछे जाने पर कि क्या ब्रॉड के चयन में यह एक कारक था, स्टोक्स ने कहा, अगर मैं ना कहूं तो मैं झूठ बोलूंगा।

# एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से अच्छा अनुभव मिलेगा : सविता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता का मानना है कि एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से टीम को अपनी कमजोरियों के बारे में जानने का मौका मिलेगा और जूनियर खिलाड़ी भी खुद को साबित करके एशियाई खेलों के लिए टीम में चयन का दावा पुख्ता कर पाएंगे। भारतीय टीम स्पेनिश हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ पर स्पेन खेलने जाएगी। यह टूर्नामेंट 25 से 30 जुलाई के बीच खेला जाएगा। सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यहमारे लिए यह अहम टूनार्मेंट है क्योंकि इससे उन पहलुओं के बारे में पता चलेगा जिनमें सुधार करना है।' चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान स्पेन से होगा। सविता ने कहा, हम टूर्नामेंट में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलेंगे लिहाजा एशियाई खेलों से पहले खुद को आंकने का अच्छा मौका है।' एशियाई खेल सितंबर अक्टूबर में चीन के हांगझोउ में खेले जाएंगे। इसमें स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करेगी। जूनियर टीम ने पिछले सप्ताह जापान में चार बार की चैम्पियन कोरिया को 2.1 से हराकर महिलाओं का जूनियर एशिया कप जीता। सुनेलिटा टोप्पो जैसी जूनियर खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में रखा गया है जो बेंगलुरू में 11 जुलाई तक राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेंगी। सविता ने कहा, जूनियर टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में एशिया कप जीता। वे अब सीनियर टीम में जगह बनाने को बेताब होंगे इसलिए कोई खिलाड़ी टीम में अपनी जगह को हलके में नहीं ले सकता। एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने के लिए सबके पास मौका है।'

## अर्जेंटीना ने बीजिंग में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

**बीजिंग।** लियोनेल मेसी ने गुरुवार को यहां वर्कर्स स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में अजेर्टीना को ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 से जीत दिलाते हुए स्कोर लाइन की शुरूआत की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैच के केवल दो मिनट में मेसी ने पेनल्टी क्षेत्र के शीर्ष पर एक क्रॉस को इंटरसेप्ट किया। बाएं पैर के कर्लिंग शॉट को नेट में भेजने से पहले उन्होंने एक डिफेंडर को ड्रिबल किया। सब्स्टीट्यूट पेजेला ने 68वें मिनट में बढ़त को 2-0 कर दिया, गोल बॉक्स के बीच में हेडर लगाकर। दोनों टीमों ने रोमांचक मैच खेला, जिसने अंतिम सीटी बजने तक दर्शकों को बांधे रखा। मैत्रीपूर्ण मैच ने स्टेडियम में 50,000 से अधिक चीनी फुटबॉल प्रशंसकों को आकर्षित किया। कतर में 2022 फीफा विश्व कप के दौरान, अजेर्टीना ने 16 के दौर में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से जीत हासिल की।

### टी20 सीरीज | वेस्टइंडीज दौरे के लिए इस दिन होगा टीम इंडिया का ऐलान

# क्या रोहित शर्मा-विराट को मिलेगा आराम?

**एजेंसी। नई दिल्ली**
टीम इंडिया जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी। बीसीसीआई 27 जून को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान करेगी। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट, तीन वनडे पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस दौरे पर टीम इंडिया में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक वेस्टइंडीज के इस दौरे पर कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर टीम इंडिया से छुट्टी होने का खतरा मंडरा रहा है। यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार जैसे युवा खिलाड़ियों की किस्मत खुल सकती है और उन्हें वेस्टइंडीज के इस दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कप्तान



रोहित शर्मा और विराट कोहली को वनडे और टी20 सीरीज में आराम मिल सकता है। ये दोनों खिलाड़ी सिर्फ दो टेस्ट मैच खेलते नजर आ सकते हैं। वहीं मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को तीनों फॉर्मेट से आराम दिया जा सकता है। इसका मतलब है कि इन दोनों तेज गेंदबाज वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह को टेस्ट और वनडे सीरीज में मौका मिल सकता है। इसके अलावा टी20 सीरीज में रिंकू सिंह और जायसवाल का शामिल किया जा सकता है।

**भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के मुकाबले**

पहला टेस्ट मैच, 12-16 जुलाई, शाम 7.30 बजे, डोमनिका
दूसरा टेस्ट मैच, 20-24 जुलाई, शाम 7.30 बजे, त्रिनिदाद

**भारत बनाम वेस्टइंडीज वनडे सीरीज**

पहला वनडे मैच, 27 जुलाई, शाम 7.00 बजे, बारबाडोस
दूसरा वनडे मैच, 29 जुलाई, शाम 7.00 बजे, बारबाडोस
तीसरा वनडे मैच, 1 अगस्त, शाम 7.00 बजे, त्रिनिदाद

**भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज**

पहला टी20 मैच, 3 अगस्त, शाम 8.00 बजे, त्रिनिदाद
दूसरा टी20 मैच, 6 अगस्त, शाम 8.00 बजे, गुयाना
तीसरा टी20 मैच, 8 अगस्त, शाम 8.00 बजे, गुयाना
चौथा टी20 मैच, 12 अगस्त, शाम 8.00 बजे, फ्लोरिडा
पांचवां टी20 मैच, 13 अगस्त, शाम 8.00 बजे, फ्लोरिडा



## NEWS इन ब्रीफ

### कल्याण ज्वेलर्स के नये शोरूम का उद्घाटन 18 जून को

**रांची।** कल्याण ज्वैलर्स ने झारखंड राज्य में दो नए शोरूम शुरू करने की घोषणा की है। रांची के सर्कुलर रोड और रामगढ़ के गोला रोड पर स्थित नए शोरूम का उद्घाटन 18 जून को होगा। दो नए शोरूम खुलने के साथ ही झारखंड में कल्याण ज्वेलर्स के शोरूमों की संख्या 4 हो जाएगी। इस तरह प्रदेश में ब्रांड की उपस्थिति दोगुना हो जाएगी। वर्तमान में कल्याण ज्वैलर्स की उपस्थिति जमशेदपुर में और रांची के पीपी कंपाउंड में है। कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा कि एक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और इसके साथ ही हमने ग्राहक खरीदारी के अनुभव को पहले से बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं।

### सेंसेक्स फिर 63,000 के पार, 467 अंकों की तेजी के साथ हुआ बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है। बैंकिंग, एफएमसीजी स्टॉक्स में भारी खरीदारी के चलते बाजार में ये तेजी देखने को मिली है। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स फिर से 63,000 के आंकड़े को पार करते हुए 467 अंकों की तेजी के साथ 63,385 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 138 अंकों की तेजी के साथ 18,826 अंकों पर बंद हुआ है। आज के ट्रेड में बैंक निफ्टी करीब 500 अंक या 495 अंकों को उछाल के साथ 53,938 अंकों पर बंद हुआ है।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी को एशिया में नंबर वन स्थान

**एजेंसी। ई दिल्ली**

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को एशिया में रेन्यूवबल एनर्जी सेक्टर में पहला स्थान मिला है। रिसर्च एंड रेटिंग एजेंसी आईएसएस ईएसजी अपनी रेटिंग में अडाणी ग्रुप को एशिया में पहला स्थान दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी भारत की सबसे बड़ी रेन्यूवबल एनर्जी प्रोड्यूसर कंपनी है। दोपहर एक बजे के आस-पास अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 964.30 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। हिंडनबर्ग के तूफान से ऊबर रही है अडाणी ग्रुप की कंपनी के लिए एक और अच्छी खबर आई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने स्टेबल आउलुक के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी को 'बीबीसी' रेटिंग से दिया है। कंपनी को यह रेटिंग सोलर



प्रोजेक्ट और स्टेबल मैट्रिसेस की वजह से मिला है। रिपोर्ट के अनुसार अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को प्राइम (इ+) बैंड में जगह मिली है। कंपनी को यह स्थान अपनी ट्रांसपरेंसी और ईएसजी डिस्क्लोजर प्रैक्टिस की वजह से मिला है। इससे पहले अडानी ग्रीन एनर्जी की कंपनी को दुनिया टॉप-10 रेन्यूवबल कंपनियों में स्थान मिल चुका है। कंपनी इलेक्ट्रिक यूटीलिटी सेक्टर में वित्त वर्ष 2025 तक टॉप टेन कंपनियों में जगह बनाना चाहती है। बता दें, अडाणी ग्रीन एनर्जी का ऑपरेटिंग पोर्टफोलियो 8216 मेगा वाट का है। बीते एक महीने में अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है।

### सोना बेचने वाली कंपनी के शेयरों पर टूट पड़े निवेशक

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को कल्याण ज्वेलर्स के शेयर हैवी डिमांड में है। शुक्रवार की सुबह एनएसई में कंपनी के शेयर 13 प्रतिशत की तेजी के साथ 128.60 रुपये के इंट्रा-डे हाई के लेवल पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों में आई तेजी की बड़ी 64 लाख शेयरों की खरीद बिक्री है। बता दें, दोपहर 12.14 मिनट पर कल्याण ज्वेलर्स के शेयर 9.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 125.55 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। कल्याण ज्वेलर्स के 6.41 मिलियन शेयरों की खरीद बिक्री आज यानी शुक्रवार को हुई है। यह कंपनी के कुल हिस्से का 6.2 प्रतिशत है। हालांकि, अभी किसने कंपनी के शेयर बेचे हैं और किसने इन शेयरों को खरीदा है।

### टीचर्स समर फेस्ट का आयोजन

# 4500 से अधिक शिक्षकों ने किया एप को डाउनलोड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती फाउंडेशन ने आज अपनी नई तकनीकी पहल, द टीचरएप पर आयोजित होने वाले वर्चुअल टीचर्स समर फेस्ट के लॉन्च की घोषणा की। पूरे भारत में आयोजित होने वाला यह 10-दिवसीय समर फेस्ट 21 जून, 2023 से शुरू होगा। दिल्ली की कहानीकार और शिक्षक प्रशिक्षक डॉ. जयश्री सेठी, और प्रसिद्ध अभिनेत्री सुश्री चोइती घोष इस समर फेस्ट के विशेषज्ञों के रूप में समर फेस्ट के थीम ₹थिएटर एंड स्टोरीटेलिंग इन एजुकेशन₹ से संबंधित विभिन्न विषयों को कवर करेंगी। वे इसके लिए हिंगलिश में आयोजित वेबिनार, थिएटर गेम्स और पैनल डिस्कशन के माध्यम का प्रयोग करेंगी। भारत सरकार ने समग्र शिक्षा के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत 5 जुलाई 2021 को निपुन (नेशनल इनिशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी) भारत मिशन का शुभारंभ किया था। निपुन भारत मिशन का उद्देश्य सभी के लिए मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान (एफएनएल या फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) को सुनिश्चित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करना है, ताकि 2026-27 के अंत तक तीसरी कक्षा तक का विद्यार्थी पढ़ने, लिखने और गणित में वांछित विषयों को सीखने की दक्षता हासिल कर सके।

### सेबी की मेहुल चोकसी पर बड़ी कार्रवाई

# बैंक खातों की होगी कुर्की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से बकाया 5.35 करोड़ रुपए की वसूली के लिए उसके बैंक खातों और शेयरों एवं म्यूचुअल फंड खातों को कुर्क करने के आदेश दिया है। सेबी का यह आदेश चोकसी पर लगे जुर्माने की अदायगी नहीं होने पर आया है। सेबी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयर के कारोबार से संबंधित धोखाधड़ी के एक मामले में अक्टूबर, 2022 में चोकसी पर जुमार्ना लगाया था। सेबी ने विगत बुधवार को भेजे गए इस नोटिस में कहा कि 5.35 करोड़ रुपए के



बकाया में पांच करोड़ रुपए का शुरूआती जुर्माना, 35 लाख रुपए ब्याज और 1,000 रुपए की वसूली लागत है। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था। वह एक अन्य भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी का मामा है। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र की पंजाब नेशनल बैंक में 14,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है। चोकसी और नीरव मोदी 2018 की शुरूआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद भारत से फरार हो गए थे। जहां चोकसी के एंटीगुआ एवं बरबुडा में होने की बात कही जा रही है वहीं नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में बंद है और उसने भारत की प्रत्यर्पण याचिका को चुनौती दी है। बता दें कि मेहुल चोकसी एक इंटरनेशनल हीरा कारोबारी है।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन से 10,412 क्विंटल लीची की रिकॉर्ड लोडिंग

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर की रसीली और मीठी लीची देश विदेश में प्रसिद्ध है। इस साल मौसम परिवर्तन के कारण भले ही लीची के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है लेकिन इसकी मांग कम नहीं हुई है। इस साल रेल के माध्यम से 12 राज्यों में लीची भेजी गई। इस बार रेल प्रशासन द्वारा मुजफ्फरपुर जंक्शन से 9 मई से लीची ढुलाई की व्यवस्था की गई, जिसके तहत बिना बिचौलिए के किसान एवं व्यापारी सीधे रेलवे बुकिंग काउंटर से लीची बुक करा कर अपने गंतव्य तक भेज सके। इस पहल से किसानों को कम किराया भुगतान कर लीची पवन एक्सप्रेस एवं अन्य ट्रेनों से लोकमान्य तिलक टर्मिनस एवं अन्य स्टेशनों को भेजा गया। रेल प्रशासन के इस कदम का किसानों एवं छोटे व्यापारियों ने भरपूर फायदा उठाया।

# भारत, चीन ने मई में रूस का 80 फीसदी तेल खरीदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के शीर्ष तेल उपयोगकर्ताओं भारत और चीन ने मई में रूस का 80 प्रतिशत तेल खरीदा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि मॉस्को ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि रूस दोनों देशों को भारी छूट के साथ कच्चा तेल दे रहा है। पेरिस स्थित ऊर्जा एजेंसी ने अपनी ताजा तेल बाजार रिपोर्ट में कहा, भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल को मुख्य रूप से एशिया में नए खरीदार मिले हैं। भारत जहां पहले रूस से न के बराबर खरीदारी करता था, वहीं अब वह प्रतिदिन लगभग 20 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। दूसरी ओर चीन ने खरीदारी बढ़ाकर पांच लाख



बैरल प्रतिदिन से 22 लाख बैरल प्रतिदिन कर दी है। मई में रूस के समुद्री कच्चे तेल का निर्यात औसतन 38.7 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद सबसे अधिक है। आईईए ने कहा, मई 2023 में, भारत और चीन की रूसी कच्चे तेल के निर्यात में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। भारत और चीन के कुल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी क्रमशः 45 प्रतिशत और 20 प्रतिशत रही।

## विदेश

### मिस्र के प्रधानमंत्री रूस व यूक्रेन की यात्रा के लिए रवाना

**काहिरा।** मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली ने अफ्रीका-मध्यस्थ पहल के तहत रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के मिशन के तहत कीव और सेंट पीटर्सबर्ग के लिए रवाना हो गए हैं। उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने राज्य द्वारा संचालित अहरम ऑनलाइन समाचार वेबसाइट के हवाले से बताया कि मदबौली के साथ विदेश मंत्री सामेह शौकरी भी हैं। इस पहल की घोषणा मई में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने संयुक्त अफ्रीकी शांति प्रतिनिधिमंडल की ओर से की थी, जिसमें मिस्र के प्रधानमंत्री के साथ दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल, युगांडा, जाम्बिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के नेता शामिल थे।

रूस-यूक्रेन युद्ध ने अफ्रीका को विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावित किया है, मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में वृद्धि और ईंधन और गैस की कमी का कारण बना है।

# विदेशी शक्तियां पाक को श्रीलंका बनाना चाह रही हैं : वित्त मंत्री

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा कर दिया कि विदेशी शक्तियां चाहती थी कि पाकिस्तान को ऋण ना मिले। उनका मकसद इस्लामाबाद को श्रीलंका की तरह डिफॉल्ट करना था। इसके बाद वो बातचीत करना चाह रही थीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सीनेट की स्थायी वित्त समिति के समक्ष गवाही देते हुए उन्होंने एक बार फिर जोर देकर कहा कि पाकिस्तान बेलआउट पैकेज के साथ या उसके बिना अपने दायित्वों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि आईएमएफ द्वारा नौवीं समीक्षा के पीछे अनावश्यक



देरी के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है, जो नवंबर 2022 से लंबित है। आईएमएफ मदद करे या नहीं, पाकिस्तान डिफॉल्ट नहीं होगा। द न्यूज के मुताबिक डार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान एक संप्रभु देश है और आईएमएफ की हर मांग को स्वीकार नहीं कर सकता। एक संप्रभु देश के तौर पर इस्लामाबाद को कुछ कर रियायतें देने का अधिकार होना चाहिए। आईएमएफ चाहता है कि हम किसी भी क्षेत्र में कर रियायतें ना दें। पाकिस्तान के डिफॉल्ट होने की अफवाहों के बीच मंत्री ने दावा कर दिया कि भू-राजनीति (जियो पॉलिटिक्स) का उद्देश्य पाकिस्तान को डिफॉल्ट करने के लिए मजबूर करना था। विदेशी शत्रुतापूर्ण तत्व पाकिस्तान को एक और श्रीलंका में बदलना चाहते हैं और फिर आईएमएफ, इस्लामाबाद के साथ बातचीत करेगा। मीडिया के अनुसार, डार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान बिल्कुल भी दूसरा श्रीलंका नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि चीन समझता है कि पाकिस्तान के साथ राजनीति की जा रही है। इसलिए, उन्होंने डिपॉजिट रोल-ओवर किया और वाणिज्यिक ऋणों को फिर से फाइनांस किया। इससे पहले, वो आगे बढ़ने में भी हिचकिचा रहे थे। उन्होंने दावा किया कि, आईएमएफ हो या नहीं, मुश्किलें हैं, लेकिन हम संभाल लेंगे।

### भारतीय छात्रों के वीजा आवेदनों पर की जा रही कार्रवाई : यूएस

**न्यूयार्क।** विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक न्यूज ब्रीफिंग में कहा कि कांसुलर टीमें भारत में अधिक से अधिक वीजा आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए जोर दे रही हैं, जो अमेरिकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले कूटनीति, आव्रजन और वीजा मुद्दों पर अमेरिका से क्या उम्मीद की जा सकती है, इस सवाल के जवाब में कहा, कांसुलर टीमें भारत में अधिक से अधिक वीजा आवेदनों को संसाधित करने के लिए काफी प्रयास कर रही हैं, इसमें उन वीजा कैटेगिरीज को भी शामिल किया गया है जो द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, यह हमारी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने कहा कि चेन्नई, मुंबई और नई दिल्ली में वाणिज्य दूतावास की टीमें इस साल के इतिहास में सबसे अधिक संख्या में भारतीय छात्र वीजा आवेदनों को संसाधित करने के लिए ट्रैक पर हैं।

# यूएनजीए अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को उत्सुक



**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी 21 जून को न्यूयॉर्क में विश्व निकाय के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर उत्सुक हैं। कोरोसी ने गुरुवार को ट्वीट किया, मैं अगले सप्ताह यूएन मुख्यालय नॉर्थ लॉन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त राष्ट्र में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने को लेकर उत्सुक हूं। संयुक्त राष्ट्र की एक घोषणा में कहा गया है कि यह कार्यक्रम 21 जून को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक (भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक) आयोजित किया जाएगा और इसे संयुक्त राष्ट्र नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। मोदी ने सितंबर 2014 में लोकसभा में अपने संबोधन में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था। योग को हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार कहते हुए उन्होंने कहा, यह व्यायाम के बारे में नहीं है, बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज करना है।

### बैठक जीएसटी काउंसिल की बैठक 11 जुलाई को दिल्ली में

# ऑनलाइन गेमिंग टैक्स पर हो सकती है चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी काउंसिल ने कहा है कि वह 11 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित करेगी। काउंसिल की यह 50वीं बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में होगी। काउंसिल ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक का मुख्य अजेंडा अपीलीय ट्रिब्यूनल की स्थापना में तेजी लाना और इस बारे में राज्यों के बीच सहमति बनाना होगा। हालांकि, रोजमर्रा की चीजों के टैक्स रेट में बदलाव को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दिल्ली से आने वाले सामान पर जीएसटी चोरी हो रही है। इस चोरी को छुपाने के लिए कई करोड़ की हर महीने अवैध वसूली की जा रही है। सामान की ढुलाई बिल नहीं बल्कि बिल्टी पर हो रही है। रोजाना सैकडों ट्रक करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी कर रहे हैं। टैक्स चोरी की कार्रवाई करने वाले सभी विभाग इस खेल में शामिल हैं।



ट्रांसपोर्टर की तरफ से हर महीने 100 करोड़ रुपए सुविधा शुल्क दिया जा रहा है। अवैध वसूली के इस खेल में एक अधिकारी पहले से ही जेल में बंद है। दिल्ली से रोजाना दवाइयां, गुटका, पान मसाला और परचून के सामान की ढुलाई की जाती है। ट्रक रात के 10 बजे सामान लेकर फरीदाबाद और पलवल की तरफ चलते हैं। इनमें भरे सामान का व्यापारी बिल नहीं कटवाते हैं। सामान को बड़े-बड़े कार्टन में पैक करते हैं। इनकी ट्रांसपोर्टर बिल्टी काटकर ट्रक ड्राइवरों को थमा देते हैं। इससे बिल पर लगने वाली जीएसटीकी चोरी की जाती है। चोरी के इस खेल में एक अनुमान है कि हर महीने 100 करोड़ रुपये से अधिक का सुविधा शुल्क दिया जाता है। चार महीने पूर्व एंटी करप्शन ब्यूरो ने आईआरएस धीरज गर्ग ट्रांसपोर्टरों से अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था। बताया गया कि अवैध वसूली का खेल करीब एक हजार करोड़ रुपए के आसपास था।

### टेक्सास शहर में बवंडर से तीन की मौत, 75 से अधिक घायल

**ह्यूस्टन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास के एक छोटे से शहर में आए तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और 75 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। बवंडर ने साढ़े आठ हजार की आबादी वाले पेरीटन कस्बे में गुरुवार शाम लगभग 5.10 बजे तबाही मचाई। एनबीसी न्यूज ने अमरिलो में राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी ट्रेंट हॉफेडिट्ज के हवाले से यह जानकारी दी। पेरीटन फायर चीफ पॉल डचर ने कहा कि तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 75 से 100 लोगों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती देखा गया है। ओचिल्ट्री जनरल अस्पताल के सीएफओ डेबी बेक ने सीएनएन को बताया कि पेरीटन अस्पताल में 50 से 100 घायलों का इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बिना बिजली के अस्पताल में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बेक ने कहा कि बवंडर पेरीटन के उत्तरपूर्वी हिस्से में आया और मेन स्ट्रीट के एक हिस्से में चला गया, इससे घरों और व्यवसायों को व्यापक नुकसान हुआ।

# दाह संस्कार डेटा जारी नहीं होने के कारण चीन ने कोविड के मुख्य संकेतक को रोका

**एजेंसी। हांगकांग**

चीन ने देश की सबसे बड़ी कोविड लहर के दौरान महामारी से मरने वालों की संख्या के एक प्रमुख संकेतक को रोकते हुए तिमाही रिपोर्ट से पिछली सर्दियों में किए गए दाह संस्कारों की संख्या घटा दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, महीनों की अस्पष्टीकृत देरी के बाद, चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने पिछले शुक्रवार को 2022 की चौथी तिमाही के लिए विवाह और सामाजिक कल्याण पर सारांश आंकड़े जारी किए, इससे अटकलें लगाई गईं कि देश प्रासंगिक डेटा को ट्रैक करने में सक्षम नहीं था। त्रैमासिक रिपोर्ट से देश भर में हुए दाह संस्कारों की संख्या गायब थी। दक्षिण चीन मॉर्न्रिंग पोस्ट ने बताया कि प्रांतीय स्तर पर, जियांगसू और झेजियांग सहित एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा शामिल नहीं किया है, जबकि कुछ ने अभी तक कोई डेटा जारी नहीं किया है। 1.4



बिलियन लोगों के देश ने 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान 4 मिलियन से अधिक दाह संस्कार दर्ज किए। एक त्रैमासिक या साल-दर-साल तुलना का उपयोग कोविड से जुड़ी मौतों की संख्या का अनुमान लगाने के लिए किया जा सकता है, क्योंकि चीन ने पिछली सर्दियों में अपनी शून्य-कोविड नीति को अचानक समाप्त कर दिया था। प पिछले साल दिसंबर में अस्पतालों और अंतिम संस्कार के घरों में भारी उछाल आया। द गार्जियन ने बताया कि उपग्रह चित्रों ने अंतिम संस्कार के घरों के बाहर लंबी कतारें दिखाईं, जबकि कुछ श्मशान घाटों ने शवों की आमद को बनाए रखने के लिए चौबीसों घंटे काम किया। जबकि चीनी सरकार ने उछाल के दौरान कोविड मामलों और मौतों की दैनिक संख्या की घोषणा करना बंद कर दिया, दृश्यों ने प्रकोप की गंभीरता का संकेत दिया। गार्जियन ने बताया कि आधिकारिक तौर पर, चीन ने दिसंबर के मध्य से फरवरी की शुरूआत तक कुल मौतें 83,150 बताई हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### मणिपुर : केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का घर अज्ञात लोगों ने फूंका

**इंफाल।** केंद्रीय मंत्री आर. के. रंजन के मणिपुर के कोंगबा नंदीबम लेकाई स्थित आवास में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने हालांकि गुरुवार देर रात आग पर काबू पा लिया। इस घटना में घर का कुछ हिस्सा और वाहन जल गए। जिस समय यह घटना घटी, उस समय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रंजन अपने आवास पर नहीं थे। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### असम में 4.8 तीव्रता का आया भूकंप

**गुवाहाटी।** असम में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सुबह 10.16 बजे आया और भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र में 70 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप 20 सेकंड तक रहा और झटके मुख्य रूप से दक्षिणी असम में महसूस किए गए।

### विवेका हत्याकांड के आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**हैदराबाद।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कडप्पा के सांसद वाई.एस. अविनाश रेड्डी के पिता वाई.एस. भास्कर रेड्डी सहित आरोपियों को अदालत में पेश किया, जिसने उनकी न्यायिक हिरासत 30 जून तक बढ़ा दी।

### आंध्र में हमलावरों ने दसवीं के छात्र को जिंदा जलाया

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के बापतला जिले में शुक्रवार को 10वीं कक्षा के एक छात्र को कुछ अज्ञात लोगों ने जिंदा जला दिया। हमलावरों ने यू. अमरनाथ (15) पर उस समय पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी जब वह ट्यूशन के लिए जा रहा था। गंभीर हालत में उसे गुंटूर के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना शुक्रवार सुबह चेरुकुपल्ली मंडल (ब्लॉक) के राजावोलु गांव में हुई। स्थानीय स्कूल में 10वीं का छात्र अमरनाथ अपनी साइकिल से ट्यूशन जा रहा था, तभी रेडलापलेम के पास कुछ युवकों ने उसे रोक लिया।

# जी-20 कृषि मानव सभ्यता के केंद्र में है : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि एक कृषि मंत्री की जिम्मेदारियां केवल अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र को संभालने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तारित है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए मंत्रियों से सामूहिक कार्रवाई करने के तरीकों पर चर्चा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी आज वीडियो संदेश के माध्यम से जी-20 कृषि मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि मानव सभ्यता के केंद्र में है। उन्होंने उल्लेख किया कि एक कृषि मंत्री की जिम्मेदारियां केवल अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र को संभालने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तारित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विश्व स्तर पर 2.5 अरब से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करती है। ग्लोबल साउथ में, कृषि सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है और 60 प्रतिशत से अधिक नौकरियां कृषि पर निर्भर हैं। आज ग्लोबल साउथ के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में हुए व्यवधान, भू-राजनीतिक तनावों की वजह से और भी चिंताजनक हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसम की घटनाएं अधिक बार सामने आ रहीं हैं। इन चुनौतियों को ग्लोबल साउथ द्वारा सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है। मोदी ने कृषि मंत्रियों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। उन्होंने एक स्थायी और समावेशी खाद्य प्रणाली बनाने के तरीके खोजने का सुझाव दिया जो सीमांत किसानों पर केंद्रित हो और वैश्विक उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करे। साथ ही, प्रधानमंत्री ने बेहतर मृदा स्वास्थ्य, फसल स्वास्थ्य और उपज के लिए कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों की पारंपरिक तौर-तरीके हमें पुनः-पोषित कृषि के विकल्प विकसित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

## कश्मीर: मुठभेड़ में 5 विदेशी आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर जारी मुठभेड़ में पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इंस्पेक्टर जनरल पुलिस कश्मीर जोन विजय कुमार के हवाले से ट्वीट किया, मुठभेड़ में पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए। जुमागुंड इलाके में तलाशी जारी है। पुलिस ने कहा कि सेना और पुलिस की संयुक्त पार्टियों को क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई।

## जज रिश्वत मामला : ईडी ने एम3एम ग्रुप के अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने गुरुग्राम स्थित रियल्टी कंपनी एम3एम ग्रुप के प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों बसंत बंसल और पंकज बंसल को एक न्यायाधीश से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों को हरियाणा के पंचकूला में नामित पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने पंचकूला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। प्राथमिकी के अनुसार, विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि उस समय पंचकूला में सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सुधीर परमार ने आरोपी व्यक्तियों के प्रति पक्षपात दिखाया था। आरोपी व्यक्तियों की पहचान एम3एम ग्रुप के मालिक रूप कुमार बंसल और उनके भाई बसंत बंसल और आईआरईओ ग्रुप के मालिक ललित गोयल के रूप में हुई है। सुधीर परमार ने कथित रूप से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित आपराधिक मामलों और उनके खिलाफ उनके न्यायालय में लंबित अन्य सीबीआई मामलों में अनुकूल उपचार के लिए उन्हें अनुचित लाभ दिया। प्राथमिकी में परमार की अदालत में लंबित मामलों में गंभीर कदाचार, आधिकारिक पद के दुरुपयोग और आरोपी व्यक्तियों से अनुचित लाभ या रिश्वत की मांग/स्वीकृति के मामलों का भी उल्लेख किया गया है। ईडी ने गिरफ्तारियां करने से पहले प्राथमिकी में उल्लिखित आरोपों के संबंध में बैंक स्टेटमेंट और पैसे के लेन-देन जैसे आपत्तिजनक साक्ष्य एकत्र किए।

## चक्रवात बिपरजॉय से पोरबंदर में भारी नुकसान

**एजेंसी। पोरबंदर/अहमदाबाद**

चक्रवात बिपोरजॉय ने गुरुवार देर रात गुजरात के जखौ बंदरगाह के पास 108 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दी। जखौ समुद्री तट पर तूफान के लैंडफाल प्रक्रिया के बाद पोरबंदर में तेज हवाएं चली। पोरबंदर की चौपाटी में तेज हवाएं इस तरह कहर बरपा रही थी कि कोई व्यक्ति सीधा खड़ा नहीं हो सकता था। पोरबंदर के पास समुद्र में भारी तूफान देखा गया और ऊंची-ऊंची लहरें उठती हुई दिखाई देती थी। जखौ, नलिया, मांडवी और अबडासा समेत कई इलाकों में बारिश के बाद जलभराव हो गया। अंजार में पांच इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश और तेज हवा के कारण समुद्र तटों पर खड़ी मछुआरों की नौका के शीशे, केबिन समेत छोटी-बड़ी चीजों को नुकसान पहुंचा है। नुकसान का फिलहाल अंदाजा लगाना कठिन है। तूफान जब पूरी तरह से शांत हो जाएगा तो मछुआरे इसकी गणना करेंगे। पोरबंदर जिले में पीजीवीसीएल पर चक्रवात बिपरजॉय का गंभीर असर हुआ है। जिले में तेज हवा के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई बिजली के खंभे व बिजली ट्रांसफार्मर गिर गए। 12 जून से 15 जून तक पीजीवीसीएल में शिकायतों की बाढ़ आ गई। बिजली आपूर्ति को तुरंत चालू करने के लिए पीजीवीसीएल ने टीमों को तैनात किया है। विभाग के अनुसार 35 में से 29 फीडर चालू किया गया है।

## त्रिपुरा, सिक्किम सहित 4 राज्यों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शनिवार से त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान जेपी नड्डा पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, चार प्रभावशाली परिवारों से मिलेंगे। इस यात्रा के दौरान जनसभाएं एवं टिफिन बैठक में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकर्ता से भी मुलाकात करेंगे। भाजपा मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून को त्रिपुरा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतिरबाजार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत वे अगरतला में दो प्रभावशाली परिवारों से मुलाकात करेंगे।

## फर्जी शादी करा बाहरी युवकों को लूटने का बढ़ता धंधा

**आरएनएम। वाराणसी**

बनारस में इन दिनों फर्जी शादी कराकर लाखों रुपये ठगे जाने के मामले बढ़ने चर्चा में हैं। ऐसे ठगी के मामले में ज्यादातर राजस्थान के युवक फंस रहे हैं। ताजा मामला राजस्थान के जयपुर के श्यामपुर रामगंज निवासी महेश कुमार का है। उनसे एक लड़की की शादी कराने के नाम पर 1.60 लाख रुपये ठग लिए गए। महेश की तहरीर के आधार पर कैंट थाने में दुल्हन पूजा, सुरेश व उसकी पत्नी, उसके साढू व उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी, धमकाने और आपराधिक षड्यंत्र सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बीते अप्रैल महीने में वह अपने मौसा सूरजमल दायमा के घर गया था। मौसा से उसने कहा कि उसकी शादी राजस्थान में नहीं हो पा रही है। इस पर मौसा ने कहा कि वाराणसी का सुरेश उसका परिचित है। वह उसकी शादी करा देगा। उन्होंने सुरेश को उसका नंबर दिया तो वह सात-आठ लड़कियों की फोटो भेजा।इनमें से एक लड़की पसंद आई। सुरेश ने कहा कि वाराणसी में कोर्ट मैरिज करा देंगे। शादी का सारा खर्च लड़के को देना होगा। बात तय होने पर महेश, नसीराबाद निवासी उसके मौसा और बाबूलाल सामरिया 12 जून को वाराणसी आए। तीनों ने होटल में कमरा लिया, वहां सुरेश व उसकी पत्नी आए।दोनों ने कहा कि लड़की और उसके मां-बाप हंसमुख मंदिर में आप लोगों का इंतजार कर रहे हैं। मंदिर जाने से सुरेश व उसकी पत्नी ने 20 हजार रुपये लिए। फिर, दो घंटे बाद उसे मंदिर लेकर पहुंचे। मंदिर में सुरेश व उसकी पत्नी ने लड़की के शादी के गहने लाने के लिए 20 हजार रुपये और लिए। महेश ने बताया कि बातचीत होने के बाद सभी कचहरी गए और कोर्ट मैरिज करने के बाद लड़की के पिता ने उससे एक लाख रुपये लिए। इसके बाद सुरेश व उसकी पत्नी और लड़की के मां-बाप ने कहा कि 13 जून को घर से विदाई करेंगे।महेश ने बताया कि 13 जून को सुरेश लड़की के पिता के साथ उसके होटल आया और विदाई के लिए 20 हजार रुपये लिया। साथ ही, सुरेश ने बताया कि ऑटो बुक करा दिया गया है। ऑटो वाला आप लोगों को लड़की के घर लेकर आएगा। महेश ने बताया कि ऑटो वाले ने हमें हरसाइयां सर्किल छोड़ दिया। फिर, हमने सुरेश को फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद सुरेश की पत्नी, दुल्हन बनी पूजा और अन्य लोगों के भी नंबर स्विच ऑफ बताने लगे। महेश ने बताया कि खोजबीन करने पर पता लगा कि उसकी फर्जी कोर्ट मैरिज कराई गई थी। जिस लड़की से कोर्ट मैरिज कराई गई थी, वह पहले से ही शादीशुदा थी। इस पूरे घटनाक्रम में सुरेश व उसकी पत्नी, उसके साढू व उसकी पत्नी और दुल्हन बनी पूजा की मिलीभगत थी। सभी ने साजिश रच कर उससे रुपये हड़प लिए। अब फोन पर पैसा वापस मांगने पर सुरेश व अन्य लोग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट प्रभु कांत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## इस साल अयोध्या में होगा भव्य दीपोत्सव का आयोजन



**एजेंसी। लखनऊ**

इस साल अयोध्या में दीपोत्सव समारोह 21 लाख मिट्टी के दीयों को जलाने के लक्ष्य के साथ अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा। इस साल का दीपोत्सव राम लला के राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होने से ठीक पहले मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दीपोत्सव एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। पिछले साल 15.76 लाख दीयों ने अयोध्या को रोशन किया था। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार, इस साल 21 लाख दीये (मिट्टी के दीये) जलाए जाएंगे। प्रत्येक घाट, मठ, मंदिर, सूर्य कुंड, भरत कुंड और हर घर को दीयों से रोशन किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार मार्च 2017 में सत्ता में आने के बाद से हर साल दिवाली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में दीपोत्सव समारोह आयोजित करती रही है। अपनी सरकार के लिए अयोध्या के महत्व पर जोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, वर्तमान में, अयोध्या में लगभग 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। देश भर के किसी भी शहर में इतनी बड़ी संख्या में परियोजनाएं नहीं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 500 साल बाद राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला का विराजमान करेंगे, तो पूरी दुनिया अयोध्या की ओर आकर्षित होगी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में चल रही विकास परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख किया। योगी ने इस मौके को विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा, पहले अयोध्या में न सड़क थी, न ट्रेन (कनेक्टिविटी) थी। गोरखपुर और लखनऊ से अयोध्या पहुंचने में पांच-छह घंटे लगते थे। अब यह सफर एक घंटे में तय किया जाता है। छह साल पहले लोग अयोध्या का नाम लेने से बचते थे। लेकिन यह सरकार इसके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है।




## अल पचीनो 83 वर्ष की उम्र में बने पिता



**83 साल** की उम्र में हॉलीवुड एक्टर अल पचीनो अपने चौथे बच्चे के पिता बन गए हैं। 29 साल की उनकी गर्लफ्रेंड ने बेटे को जन्म दिया है। गर्लफ्रेंड अल्फल्लाह के साथ पचीनो का यह पहला बच्चा है। कपल ने बच्चे का नाम रोमन पचीनो नाम रखा है। पीपुल मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, पचीनो को पूर्व में बेवर्ली डी एंजेलो से 22 वर्षीय जुड़वां बच्चे एंटोन और ओलिविया हैं। वहीं, एक्टिंग कोच जान टैरंट से उनकी 33 वर्षीय बेटी जूली मैरी है। पचीनो और अलफल्लाह अप्रैल 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस जोड़ी की पहली बार रोमांस की अफवाहें तब उड़ी, जब उन्हें साथ में डिनर करते हुए देखा गया था। सूत्रों ने पिछले साल पेज सिक्स को बताया था कि महामारी के बाद से कपल वास्तव में चुपचाप डेटिंग कर रहे थे।

## सनी लियोनी 'बिग बॉस ओटीटी' सीजन 2 में आएंगी नजर



**बॉलीवुड**

एक्ट्रेस सनी लियोनी, जिनकी फिल्म 'केनेडी' ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचाया, 'बिग बॉस ओटीटी' सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस शो के 5वें सीजन के दौरान टीवी काउंटरपार्ट में एक कंटेस्टेंट थीं, जहां से उन्होंने अपनी बॉलीवुड जर्नी शुरू की थी। बिग बॉस में अपनी एंट्री को लेकर सनी लियोन ने कहा, 'बिग बॉस ओटीटी' में आना मेरे लिए घर वापसी जैसा होगा। यह मेरे करियर के महत्वपूर्ण मोड़ में से एक है। मैं शो को करीब से देख रही हूं और इसे अगले लेवल पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। तो, इंतजार करें और देखें, मौसम बदलने वाला है। 'बिग बॉस' सीजन 5 में आने के बाद, सनी ने कुछ गानों और फिल्मों में काम किया।

**योग दिवस** | प्रधानमंत्री 21 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का करेंगे नेतृत्व

# दुनिया के बड़ी हस्ती ले सकते है भाग



**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यहां पहली बार संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का लक्ष्य योगाभ्यास के अनेक लाभ के बारे में दुनियाभर में जागरुकता फैलाना है। योग के लाभ को देखते हुए दिसंबर, 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। कार्यक्रम को लेकर जारी एक परामर्श में कहा गया है, नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि आपको मोदी के नेतृत्व में योग सत्र में हिस्सा लेने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं। मोदी ने नौ साल पहले पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वार्षिक आयोजन का प्रस्ताव रखा था, उसके बाद यह पहली बार होगा जब वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे, यह एक ऐतिहासिक दिन होगा। योग सत्र 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के 'नॉर्थ लॉन' में सुबह आठ बजे से नौ बजे तक होगा, जहां महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा स्थापित है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र को उपहार के रूप में महात्मा गांधी की यह प्रतिमा भेंट की थी जिसे पिछले साल दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान स्थापित किया गया था। इस ऐतिहासिक योग सत्र में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों, राजदूतों, दूतों, सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वैश्विक और प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है।

## पीएम 20 से अमेरिका-मिस्र की यात्रा पर

**मोदी** 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा करेंगे। यह यात्रा न्यूयॉर्क में शुरू होगी, जहां प्रधानमंत्री 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और वे उच्चस्तरीय संवाद जारी रखने के क्रम में राष्ट्रपति बिडेन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन उसी शाम प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी और सीनेट के अध्यक्ष चार्ल्स शूमर सहित कांग्रेस के नेताओं के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। अगले दिन 23 जून को प्रधानमंत्री के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संयुक्त रूप से दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। इंटरेक्शन का कार्यक्रम है। वह प्रवासी भारतीयों से भी मिलेंगे। प्रधानमंत्री बाद में 24-25 जून तक मिस्र की यात्रा पर रहेंगे।

## राकेश मिश्रा का गाना 'पापा एक फरिश्ता' हुआ रिलीज



**भोजपुरी** म्यूजिक इंडस्ट्री के लोकप्रिय सिंगर राकेश मिश्रा का नया गाना 'पापा एक फरिश्ता' शुक्रवार को रिलीज हो गया है, जो पिता का अपने बच्चों के प्रति मार्मिक संवदेना को उजागर करता है। कहते हैं पिता का प्रेम करने का ढंग अनोखा होता है। वे अपने बच्चों से प्रेम करते भी हैं और पता भी नहीं चलने देते। मगर जब उनके बच्चे परेशान होते हैं, तब पिता को भी पीड़ा होती है, जिसे राकेश मिश्रा ने इस गाने में पिरो कर भोजपुरी म्यूजिक लवर्स की बीच प्रस्तुत किया है। राकेश मिश्रा का गाना "पापा एक फरिश्ता" को निमन भोजपुरी के यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है और यह गाना अब वायरल होने लगा है। इस गाने को सुनकर लोग राकेश मिश्रा की कला और गाने के कॉन्सेप्ट को सराह रहे हैं। राकेश मिश्रा ने इस गाने को मार्मिक तरीके से बनाया है और पिता के दर्द को उस जाहिर किया है। राकेश मिश्रा कहते हैं कि पिता के रिश्ते पर कितना भी लिखा जाए, वह कम होगा। हमने अपने गाने में एक पिता की वेदना और संवेदना का स्मरण किया है। यह गाना हर वर्ग और समाज के लोगों को सुनना चाहिए। इसके बाद किसी को भी पिता से और भी ज्यादा प्यार हो जाएगा। इस गाने को गाते वक्त को गाते वक्त कई बार मेरा गला रूंध गया। आंखों में आंसू आ गए, लेकिन हमने अंतरात्मा की आवाज सुनी और अपने भोजपुरी दर्शकों के सामने इस बेहतरीन गाने को लाने का प्रयास किया। अब यह सबके सामने है।